सूर्योदय प्रातः 5:04 | सूर्यास्त संध्या 6:38 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. एकादशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 24°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 25 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 131, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,991.22 | 790.54 (1.04%) |
| निफ्टी | 24,021.65 | 197.55 (0.83%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,40,490.00 |
| चांदी | 2400.00 |

# रिम्स में मेडिकल सीट अलॉटमेंट अनियमितता की जांच तेज, सीआईडी टीम ने खंगाले दस्तावेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची स्थित राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मेडिकल सीट अलॉटमेंट और नामांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच अब तेज हो गयी है। मामले की जांच कर रही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की टीम बुधवार को रिम्स पहुंची और डीन कार्यालय समेत विभिन्न विभागों में उपलब्ध दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच शुरू की। जांच एजेंसी नामांकन प्रक्रिया और टेंडर से जुड़े मामलों में हुई सम्भावित गड़बड़ियों की पड़ताल कर रही है।

सीआईडी अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले शैक्षणिक सत्र में हुए दाखिलों से सम्बन्धित शिकायतों के आधार पर की जा रही है। जांच के दौरान प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े रिकॉर्ड, काउंसिलिंग दस्तावेज, आवंटित सीटों का ब्यौरा तथा सम्बन्धित प्रशासनिक फाइलों का अवलोकन किया जा रहा है। टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन किया गया था या नहीं।

दरअसल, पिछले शैक्षणिक सत्र में रिम्स में हुए कुछ दाखिले को लेकर गम्भीर



शिकायतें सामने आयी थीं। आरोप लगाया गया था कि नियमों की अनदेखी कर कुछ अयोग्य अभ्यर्थियों को दाखिला दिया गया। शिकायतों में प्रवेश प्रक्रिया में पक्षपात, दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया में लापरवाही तथा भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप भी शामिल बताये जा रहे हैं।

प्रारम्भिक स्तर पर शिकायतों को गम्भीर मानते हुए राज्य सरकार ने मामले की विस्तृत जांच सीआईडी को सौंप दी थी। बुधवार को रिम्स पहुंची जांच टीम ने डीन कार्यालय के अलावा प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अन्य विभागों से भी आवश्यक दस्तावेज एकत्र किये। अधिकारियों ने सम्बन्धित कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों से भी पूछताछ की तथा प्रवेश प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी हासिल की। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि सीट आवंटन और काउंसिलिंग प्रक्रिया में कहीं नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ।

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि उन्हें मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हुई काउंसिलिंग में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। मंत्री के अनुसार उन्हें यह जानकारी प्राप्त हुई थी कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा काउंसिलिंग के दौरान फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किये गये थे। शिकायतों की गम्भीरता को देखते हुए उन्होंने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की जांच कराने की सिफारिश की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल हुआ बांग्लादेश

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) में बांग्लादेश भी सदस्य के रूप में शामिल हो गया। बुधवार को आईबीसीए ने बांग्लादेश को नये सदस्य देश के रूप में स्वागत किया। एक्स अकाउंट पर अपने संदेश में अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस ने बांग्लादेश की सरकार का अपने नवीनतम सदस्य देश के रूप में हार्दिक स्वागत किया। यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि बिग कैट प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत बनायेगी। आईबीसीए ने कहा कि बांग्लादेश के इस गठबंधन में शामिल होने से वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा और पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को नयी गति मिलेगी। यह कदम भविष्य की पीढ़ियों के लिए बाघों सहित अन्य प्रजातियों और उनके आवासों को सुरक्षित रखने की साझा प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस ने विश्वास व्यक्त किया कि सदस्य देशों के बीच बढ़ता सहयोग बिग कैट संरक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

### तेजस एक्सप्रेस में बिरयानी में मिली मक्खी

**ठेकेदार पर एक लाख रुपये जुर्माना**

**नयी दिल्ली** : अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस में एक यात्री को परोसी गयी वेज बिरयानी में मक्खी मिलने की शिकायत पर रेलवे प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित कैटरिंग सेवा प्रदाता पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही, सेवा प्रदाता को लाइसेंस समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी की गयी है। रेलवे के अनुसार यात्री ट्रेन संख्या 82902 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसे कॉम्बो मील में परोसी गयी वेज बिरयानी में मक्खी मिली, जिसकी शिकायत उसने तत्काल की। शिकायत मिलते ही ट्रेन कैप्टन और ऑनबोर्ड कैटरिंग मैनेजर ने यात्री से मुलाकात कर असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया।

## अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त ने की सिद्धो-कान्हो कृषि व वनोपज...

5 सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी छलांग...

7 सिकनी में अवैध कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई...

9 लोकतंत्र की रक्षा के लिए आज भी सजगता जरूरी...

10 आईसीसी वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल दूसरे...


## कार्टून कोना




झारखंड लोक सेवा आयोग से नव-चयनित 262 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने दिये नियुक्ति पत्र

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मंत्रालय में आयोजित एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नव-चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 262 अभ्यर्थियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति प्रदान की। इनमें झारखंड लोक सेवा आयोग, रांची द्वारा नव-चयनित 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अंतर्गत संविदा आधारित 151 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 29 वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक तथा 26 वित्त प्रबंधक शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरन्तर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मानवबल आवश्यक है और इसी दिशा में सरकार बड़े पैमाने पर नियुक्तियां कर रही है। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की, कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते हुए आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करें।



### मुख्यमंत्री ने कहा

- स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, आगे भी होंगी व्यापक स्तर पर नियुक्तियां और संरचनात्मक सुधार
- स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु नवाचार, दक्षता और सुदृढ़ व्यवस्था आवश्यक
- विकास को गति देने हेतु बड़े पैमाने पर नियुक्तियां
- आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल
- नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संदेश
- आपात स्थितियों में त्वरित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर फोकस

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, आगे भी होंगी व्यापक नियुक्तियां

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य क्षेत्र में मानवबल को और मजबूत करने की आवश्यकता है, जिसे ध्यान में रखते हुए आनेवाले समय में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जायेंगी। उनका कहना था कि सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी विकसित राज्य की आधारशिला होती है और सरकार इस दिशा में ठोस एवं ● शेष पृष्ठ 11 पर

# विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए, प्रवासी न लें भाग : के. रवि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पात्र भारतीय नागरिकों का सत्यापन और पंजीकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत में रह रहे विदेशी नागरिक अथवा दूसरे देशों की नागरिकता प्राप्त कर चुके प्रवासी इस प्रक्रिया में भाग न लें। एसआईआर की पूरी प्रक्रिया त्रुटिरहित, पारदर्शी और समावेशी मतदाता सूची तैयार करने के लिए संचालित की जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को संथाल परगना दौरे के दूसरे दिन साहेबगंज जिले के सीमावर्ती प्रखंड बरहरवा स्थित प्लस-2 बरहरवा उच्च विद्यालय एवं



सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल प्रखंड सुंदर पहाड़ी में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट-2 (बीएलए-2) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की सहभागिता और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा की।

रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के समय पांच श्रेणियों एब्सेंट (अनुपस्थित), शिफ्टेड (स्थानांतरित), डेथ (मृत), डुप्लीकेट (दोहरे पंजीकरण) और रिफ्यूज टू साइन (हस्ताक्षर से इनकार) के मतदाताओं को शामिल नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 'रिफ्यूज टू साइन' श्रेणी के अंतर्गत दो प्रकार के मामले आते हैं। पहली श्रेणी में वे मतदाता शामिल हैं, ● शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल ने उठाया बन्धुआ मजदूरी का मामला

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी के मामले पर बुधवार को रोष प्रकट किया है। राहुल का कहना है कि यह कोई आम आपराधिक घटना नहीं है, यह एक धराशायी हुई अर्थव्यवस्था का मलबा है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरनगर में बंधुआ मजदूरी की एक घटना सामने आयी है। यहां नौकरी का झूठा वादा कर 13 मजदूरों को पिछले दो साल से बंधक बना कर रखा गया था। उन्हें लाठियों-बेल्टों से पीटा जाता था। साथ ही, वहां रॉटवीलर कुत्ते से उन पर हमला करवाया गया।

## लोकतंत्र में पद सेवा का माध्यम विशेषाधिकार का नहीं : उपराष्ट्रपति



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति नागरिकों और सार्वजनिक पदों पर आसीन लोगों के बीच विश्वासपूर्ण संबंध में निहित है तथा सार्वजनिक पद को विशेषाधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति भवन में पूर्व राज्यसभा सदस्य नबाम रेबिया और सह-लेखक संदीप कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'भारत में वीआईपी संस्कृति : सत्ता, विशेषाधिकार और लोकतंत्र से दूरी' के विमोचन समारोह को सम्बोधित करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय संविधान न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की परिकल्पना करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब सार्वजनिक जीवन में विनम्रता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना को प्राथमिकता दी जाये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# निर्माणाधीन गोदाम की छत ढही, 03 मजदूरों की मौत

**एजेंसी**

**कोलकाता** : कोलकाता के तारातला इलाके में ब्रेस ब्रिज के पास निमाणार्धीन गोदाम की छत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। बुधवार को तीन मंजिला निमार्णाधीन चाय गोदाम की तीसरी मंजिल की छत की ढलाई के दौरान अचानक ढांचा भरभराकर गिर पड़ा। मलबे के नीचे कई मजदूर दब गये। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने हादसे में 03 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि अब तक 21 घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। घटना के बाद सेना, राष्ट्रीय ● शेष पृष्ठ 11 पर



### तारातला दुर्घटना स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री

**पश्चिम** बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि तारातला में निमार्णाधीन गोदाम के ढहने की घटना के पीछे पूर्व सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत निर्माण योजना में संरचनात्मक खामी होने की आशंका है। इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 21 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। कई श्रमिकों के अब भी दबे होने की आशंका है।

### गुवाहाटी में 10 बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में

**गुवाहाटी** : गुवाहाटी के पलटन बाजार इलाके से पुलिस ने मंगलवार देर रात 10 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान वे सही पहचान और यात्रा दस्तावेज नहीं दिखा पाये थे। पलटन बाजार पुलिस अधिकारी के मुताबिक, इन लोगों को पहले पलटन बाजार पुलिस ने हिरासत में लिया और बाद में जांच-पड़ताल और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बॉर्डर पुलिस को सौंप दिया। अधिकारी ने कहा, इन लोगों की जांच-पड़ताल पूरी हो गयी है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जीआईएस आधारित शहरी प्रबंधन प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की

पारदर्शी एवं डेटा-आधारित शहरी प्रशासन पर दिया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत JUIDCO द्वारा संचालित GIS आधारित शहरी प्रबंधन प्रणाली परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। यह परियोजना राज्य के 49 शहरी स्थानीय निकायों में आधुनिक, पारदर्शी एवं डेटा-आधारित शहरी प्रशासन विकसित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया



कि पायलट परियोजना के रूप में रांची, धनबाद एवं गिरिडीह नगर निगमों का चयन किया गया है। इन तीनों नगर निगम क्षेत्रों में हवाई LiDAR सर्वेक्षण का कार्य सफलतापूर्वक ● शेष पृष्ठ 11 पर

नशा मुक्त भारत के रोडमैप पर मंथन

# शाह कल एनसीओआरडी की शीर्षस्तरीय बैठक की करेंगे अध्यक्षता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार, 26 जून को यहां विज्ञान भवन में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित इस बैठक में देश को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों की समीक्षा की जायेगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि बैठक में अमित शाह 'मादक पदार्थ नियंत्रण पर विजन डॉक्यूमेंट




(2026-2029)' तथा एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट-2025 जारी करेंगे। व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया यह विजन दस्तावेज मादक पदार्थों की मांग में कमी, आपूर्ति पर नियंत्रण तथा नशे से होने वाली हानि को कम करने के लिए अगले तीन वर्षों का साझा रोडमैप प्रस्तुत करेगा।

दस्तावेज में सिंथेटिक ड्रग्स, डार्कनेट के माध्यम से होने वाली तस्करी, युवाओं को नशे से दूर रखने, उपचार एवं पुनर्वास केन्द्रों के विस्तार तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार का कहना है कि यह दस्तावेज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नशा मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए मार्गदर्शक ढांचे का कार्य करेगा। गृहमंत्री इस अवसर पर ऑनलाइन ड्रग डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन का भी शुभारम्भ करेंगे। इस विशेष अभियान के तहत देशभर में विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य एजेंसियों द्वारा लगभग 2,09,500 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया जायेगा, जिनकी अनुमानित कीमत 6,000 करोड़ रुपये है। इसके अलावा अमित शाह जम्मू और गुवाहाटी में नव-निर्मित एनसीबी जोनल कार्यालयों का भी उद्घाटन करेंगे।

बैठक में 44 केन्द्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ राज्यों की सरकारों और मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधि प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। बैठक में आगामी तीन वर्षों के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी और नशे की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी



## एसआईटी ने चम्पत राय सहित 17 को आरोपी माना, एफआईआर तय



■ चम्पत राय के करीबी की सम्पत्ति में आया बम्पर उछाल

**एजेंसी**

**अयोध्या** : अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा कर मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव सहित 17 लोगों को आरोपी माना है। सूत्रों के मुताबिक, इन सभी के खिलाफ जल्द ही एफआईआर दर्ज होना लगभग तय है।

जांच के दौरान, एसआईटी टीम को दानपात्रों की चाबियां रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास मिली हैं, जो इस मामले में एक महत्त्वपूर्ण सबूत है। टीम मंगलवार को फिर जांच के लिए अयोध्या पहुंच सकती है। एसआईटी ने लगभग 150 इसतरह के सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया है जिनकी आर्थिक स्थिति 22 जनवरी 2024 ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ने ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**गोला (रामगढ़) :** भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने गोला प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत अन्तर्गत कुसमा टोला में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों कुसमा टोला का ट्रांसफॉर्मर जल गया था जिससे वहाँ की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेष तौर पर इसका दंश वहाँ के छात्र/छात्राओं को झेलना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर भाजपा नेता कुंटू बाबू से मुलाकात कर समस्या से उन्हें अवगत कराया। कुंटू बाबू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर तत्काल ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। इसके पूर्व उद्घाटन स्थल पर पहुँचने पर ग्रामीणों ने कुंटू बाबू का गर्मजोशी से स्वागत किया। कुंटू बाबू ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर भाजपा बरलंगा मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, मंडल महामंत्री अजय पांडेय, सहदेव प्रजापति, राहुल महतो, अजित महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### हजारीबाग सदर विधायक ने मां छिन्नमस्ता के दरबार में टेका मत्था



**गोला (रामगढ़) :** हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने माँ छिन्नमस्ता के पावन दरबार रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गोला स्थित द्वारिका पैलेस में भारतीय जनता पार्टी रजरप्पा मंडल की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर विधायक का स्वागत किया तथा संगठन की मजबूती और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विधायक ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने का आह्वान किया। मौके पर जिला मंत्री बबलू साव, जिला कोषाध्यक्ष मनोज महतो, महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र साहु, उपाध्यक्ष कृष्णा शर्मा, महामंत्री ललन कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष शंकर महतो, विकास मणि पाठक, प्रदीप कुशवाहा, सुधीर महतो, सूरज वर्मा, उज्वल चक्रवर्ती समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नशामुक्ति को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**अनगड़ा :** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक ( सीआईपी ) के शिक्षकों द्वारा करमाढ़िपा गांव में नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान घर घर जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताकर उन्हें व्यसनो से दूरी बनाने की अपील की गई। वंही बाद में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। सभा को सम्बोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य डॉ एन के यादव ने कहा की नशा बबार्दी की जड़ है। इससे दूरी बनाए रखें। उन्होंने नशा छोड़ने को इच्छुक लोगों को सरकार द्वारा दी जा रही सहायताओं से भी लोगों को अवगत कराया। सभा को नॉडल ऑफिसर डॉ जयदेव कुम्भकार ने भी सम्बोधित किया। मौके पर प्रेस सचिव धर्मेंद्र तिवारी,प्रो. नीलेश मुंडा, प्रो. विकास कुमार, प्रो. विवेकानंद के अलावे अजीत राय, विनोद कुमार आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलए-2 का प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को तोरपा प्रखंड सभागार में बूथ लेवल एजेंट-2 (बीएलए-2) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नवीन चंद्र झा ने किया। प्रशिक्षण में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोचे मुंडा समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलए-2 को निर्वाचन आयोग द्वारा



संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रक्रिया और दायित्वों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान बीएलए-2 को मतदाता सूची के अद्यतन की प्रक्रिया, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधी नियमों और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न प्रपत्रों के सही संधारण, सत्यापन और समयबद्ध निष्पादन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी बीएलए-2 से अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं होना चाहिए और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं का स्व-घोषणापत्र हस्ताक्षर सहित प्राप्त होगा, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित किया जाएगा, चाहे उनकी मैपिंग हुई हो अथवा नहीं। इससे पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि आगामी 30 जून को सभी मतदान केंद्रों पर 'चुनाव पाठशाला' का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से आम मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाता पंजीकरण और अन्य चुनावी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि मतदाताओं की भागीदारी और जागरूकता बढ़ाई जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित तकनीकी और प्रक्रियागत पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और बीएलए-2 से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, सामडोम टोपनो, उपमुखिया राजू साहू सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## रांची डीसी से शिया समुदाय के प्रतिनिधियों ने की शिष्टाचार मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजुनाथ भजन्त्री से आज शिया समुदाय के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। शिया समुदाय के सदस्यों ने उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री को 26 जून को होने वाले मुख्य जुलूस में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। मंजुनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान मौलाना तहजीब उल हसन रिजवी, केंद्रीय शांति समिति के सदस्य, सागर कुमार, समाजसेवी, मो. सरफराज, कुमार उज्जवल महबूब हुसैन, मो. सोहेल एवं शिया समुदाय के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। समुदाय के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि मोहर्रम का पर्व पूर्ण शांति, भाईचारे एवं धार्मिक अनुशासन के साथ मनाया जाएगा।

### झारखंड कुरमी महासभा प्रतिभा सम्मान समारोह 12 जुलाई को

## प्रतिभा सम्मान समारोह होगा ऐतिहासिक : कुमेश्वर महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिददी :** झारखंड कुरमी महासभा का 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 12 जुलाई को रोयांग में आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर लोयांग में बुधवार झारखंड कुरमी महासभा की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो और संचालन खेमलाल महतो ने किया। बैठक में सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। बताया जाता है कि कार्यक्रम डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के रबोध पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे रोयांग में सुबह 11 बजे से आरंभ होगा। जिसमें मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करनेवाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं का सम्मान करना जरूरी है। संगठन प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करता रहा है। इससे न सिर्फ शिक्षा के प्रति उनकी रूचि बढ़ती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। वहीं महासभा के हजारीबाग जिलाध्यक्ष देवकी महतो ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का नवनिर्माण संभव है। झारखंड कुरमी महासभा सामाजिक दायित्व निभाने और समाज को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिभाओं को सम्मानित करने से दूसरे बच्चों को भी परिश्रम करने की प्रेरणा मिलती है। बैठक में हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष लालधन महतो, सुदय कुमार महतो, रामटहल महतो, प्रदीप महतो, मंगलदेव महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## करम अखाड़ा सौंदर्यीकरण कार्य का सांसद ने किया शिलान्यास

**खूंटी :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा ने अपनी सांसद निधि से करम अखाड़ा के सौंदर्यकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान आदिवासी सरना समाज के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, समिति पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सरना समाज के अखाड़ों का कायाकल्प कर आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक विरासत को संरक्षित और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी सांस्कृतिक परंपराओं में निहित है और समाज का विकास ही देश के विकास का आधार है। उन्होंने लोगों से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी, केंद्रीय सरना संगोम समिति की अध्यक्ष दुर्गावती ओड़ेआ, सरना समाज के सचिव लीलू पाहन, अनूप मुंडा तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र मांडू में जैविक खेती पर कार्यशाला आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मांडू :** कृषि विज्ञान केंद्र मांडू में बुधवार को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला परिषद के जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी कृषि आदान विक्रेता, एफपीओ प्रतिनिधि और प्रगतिशील किसानों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय गीत ‘वन्दे मातरम्’ से हुआ। इसके उपरांत आईसीएआर गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. इन्द्रजीत,विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की कृषि व्यवस्था को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है,जबकि जैविक खेती मृदा की उर्वरता बनाए रखने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने




किसानों से कृषि विज्ञान केन्द्र एवं वैज्ञानिकों द्वारा विकसित तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया तथा कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान और पारंपरिक कृषि पद्धतियों के समन्वय से कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं। कार्यक्रम में डॉ. उज्ज्वल कुमार ने प्राकृतिक संसाधन संरक्षण आधारित कृषि प्रणाली, फसल विविधीकरण और एकीकृत कृषि प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं डॉ. अवनि कुमार सिंह, डॉ.सुधांशु शेखर और डॉ.धीरज कुमार सिंह जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभ से अवगत कराया। अंत में डॉ.सुधांशु शेखर ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों, कृषि आदान विक्रेताओं, एफपीओ प्रतिनिधियों एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुआ।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 24 जून को शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, अंचल अधिकारी किशोरी यादव एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेयांग की टीम विजेता बनी, जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय चटाक की टीम उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर बीआरपी विनोद बिहारी महतो, ओमप्रकाश साहू, मनोज दीवान, विनोद कुमार, सुभाष चंद्र महतो, राजीव कुमार सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## स्थायी लोक अदालत विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), खूंटी के तत्वावधान में बुधवार को प्रखंड सभागार, तोरपा में स्थायी लोक अदालत (पीएलए) की संरचना, क्षेत्राधिकार एवं कार्यप्रणाली विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को स्थायी लोक अदालत की भूमिका, सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों के पूर्व-विवाद (प्री-लिटिगेशन) स्तर पर निस्तारण की व्यवस्था और बिना न्यायालय शुल्क के उपलब्ध कानूनी सेवाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष कौशलेश कुमार सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक सहित अन्य ने स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि स्थायी लोक अदालत के माध्यम से सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है, जिससे लोगों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस वैकल्पिक विवाद निपटान व्यवस्था का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत समिति सदस्यों, मुखियाओं, वार्ड सदस्यों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिका सहित अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सेवाओं की भी जानकारी दी गई।

## सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ बरका-सयाल प्रक्षेत्र की जीएम यूनिट का हुआ पुनर्गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की बैठक बुधवार को आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा के कैंटीन में हुई। जिसमें मुख्य रूप से बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र ओझा, सचिव शंभू प्रसाद, उपाध्यक्ष स्नेहलता कुजूर, भुरकुंडा शाखा सचिव अनिल पासवान उपस्थित रहे। बैठक में सीसीएल बरका-सयाल जीएम यूनिट का पुनर्गठन किया गया। नवगठित कमेटी में अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, सचिव कन्हैया सिंह यादव, उपाध्यक्ष निर्मल महतो, योगेंद्र बाडाईक, धनंजय कुमार, सह सचिव फारूक राजा, रंजन राम, जामुनिया देवी, कोषाध्यक्ष महेश प्राजापति सहित कार्यसमिति सदस्यों में सत्यानारायण गुप्ता, मालती कुमारी, केवी देवी, सरस्वती देवी, नीलम कुमारी, झिरगी देवी, पूनम देवी, पूजा कुमारी शामिल हैं।

## डीएवी स्कूल में चला नशा मुक्ति अभियान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** मादक पदार्थों के बढ़ते दुरुपयोग के खिलाफ समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत भव्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर नशे के दुष्प्रभावों को अपने चित्रों से उजागर किया।

**पोस्टरों में दिखी समाज की हकीकत**

**प्रतियोगिता** के दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों में नशे से शरीर और समाज को होने वाले नुकसान को मार्मिक ढंग से दर्शाया गया। फटे हुए फेफड़े, टूटता परिवार, बर्बाद भविष्य - हर पोस्टर एक चेतावनी बन गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों और शिक्षकों ने मादक पदार्थों से दूर रहने और समाज को जागरूक करने की सामूहिक शपथ ली।

**फिल्मी हीरो नहीं, कलाम व विवेकानंद बनें आदर्श : निदेशक कैलाश कुमार**

**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा आज बच्चे इंटरनेट और फिल्मों के नकली हीरो से गुमराह हो रहे हैं। सिगरेट-शराब को स्टाइल समझ रहे हैं। असली हीरो स्वामी विवेकानंद, एपीजे अब्दुल कलाम व शहीद भगत सिंह हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लो। उन्होंने चेतावनी दी कि एक बार आजमाने में क्या हर्ज है सोचकर शुरू की गई आदत ही बाद में जानलेवा लत बन जाती है। नशे का कोई शॉर्टकट इलाज नहीं है, इसे सिर्फ दृढ़ इच्छाशक्ति से ही हराया जा सकता है।

## बिरसा कॉलेज में छात्र सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**खूंटी :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की खूंटी जिला इकाई ने बिरसा कॉलेज में छात्र सुरक्षा, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर बुधवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्र किशोर भगत को ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक हीरांजलि हेमरोम के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी भी उपस्थित थे। ज्ञापन में परिषद ने कॉलेज परिसर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई। विद्यार्थी परिषद ने हाल के वर्षों में शैक्षणिक संस्थानों में हुई अग्निकांड की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कॉलेज में लगे अग्निशामक यंत्रों की जांच, उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने और कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को फायर सेफ्टी प्रशिक्षण देने की मांग की।

## इरबा-ओएना रोड के लिए फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** वर्षों से बदहाल पड़ी इरबा-ओएना रोड की समस्या को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और जर्जर सड़क व नाली निर्माण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे लगाते हुए सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया तथा सांसद संजय सेठ एवं विधायक राजेश कच्छप का पुतला दहन किया। समाजसेवी एवं इरबा की पूर्व मुखिया विनीता कुजूर के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में पाहन टोली से एनएच-33 तक पैदल मार्च निकाला गया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में सड़क पर भारी जलजमाव हो जाता है, जबकि अन्य मौसमों में भी सड़क पर पानी जमा रहने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क की बदहाली के कारण कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। प्रदर्शनकारियों ने बताया



कि इस मार्ग के आसपास कई टेक्सटाइल फैक्ट्रियां संचालित हैं और दर्जनों स्कूल भी स्थित हैं, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है। इसके बावजूद सड़क की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा मौजूद थे। आंदोलनकारियों ने कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सड़क का निर्माण चाहिए। अगर सड़क नहीं बनी तो आगामी चुनाव में जनप्रतिनिधियों को इसका जवाब दिया जाएगा।

### झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

# जनता को दें महत्त्वपूर्ण अधिनियमों की पूरी जानकारी : सरयू राय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय की अध्यक्षता में बुधवार को परिसदन रामगढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, अधिनियमों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सभापति ने सूचना का अधिकार अधिनियम, सेवा का अधिकार अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा रोजगार का अधिकार अधिनियम के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण अधिनियमों का उद्देश्य आम



नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा सेवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके लिए इन अधिनियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता तक इनकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने हेतु विशेष अभियान चलाए जाएं। बैठक में नई शिक्षा नीति के तहत जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। सभापति ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर परिषद रामगढ़ द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभापति ने नगर क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने तथा नागरिक सुविधाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सभापति ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मेडिकल वेस्ट के संग्रहण, परिवहन एवं निपटान की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करते हुए इस कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने पर बल दिया। प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विषयों की समीक्षा करते हुए सभापति ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों, खदानों एवं अन्य इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा शाखा, विभिन्न पेंशन योजनाओं, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत प्रमंडल सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

## ठनका की चपेट में आने से 13 वर्षीय हनी कुमार की दर्दनाक मौत, देवरी कुम्हार टोली में पसरा मातम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** नगड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी कुम्हार टोली निवासी संजय महतो के 13 वर्षीय पुत्र हनी कुमार की आकाशीय बिजली (ठनका) की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। मासूम की असमय मौत से ग्रामीणों के बीच मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, हनी कुमार अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। अचानक हुई इस घटना ने परिवार को गहरा सदमा पहुंचाया है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि हनी कुमार मिलनसार और होनहार बच्चा था, जिसकी मौत से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं। घटना के बाद जिला परिषद सदस्य पूनम देवी एवं समाज सेवी बजरंग महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में मौसम खराब रहने के दौरान यह हादसा हुआ। अचानक गिरी आकाशीय बिजली ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## एक झलक

### बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल कराटेकारों को दिया गया प्रमाण-पत्र



रांची : शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जेन कराटे ट्रेनिंग सेंटर, कमला कांत रोड, हरमू रोड, रांची स्थित कराटे सेंटर में बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा में सफल कराटेकारों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण-पत्रों का वितरण फेडरेशन के मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवं मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हंसी मानस सिन्हा द्वारा किया गया। प्रमाण-पत्र वितरण समारोह से पूर्व हंसी मानस सिन्हा ने उपस्थित कराटेकारों को आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) तकनीकों का प्रशिक्षण दिया तथा कराटे के अनुशासन, आत्मविश्वास एवं शारीरिक दक्षता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर कराटे कोच सेंसाई नंद किशोर महतो , सेंपाई राहुल कुमार उपस्थित हुए।

### निर्जला एकादशी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



रांची : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के कारीगर रात दिन मंदिर को सजाने का कार्य कर रहे हैं। दिल्ली कोलकाता बेंगलुरु और रायपुर से विशेष तरह के फूल मंगाए जा रहे हैं। संपूर्ण तैयारी मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका के दिशा निर्देश में किया जा रहा है। बाबा श्री श्याम का दिव्य अनुपम श्रंगार एवं सूरत से विशेष रूप से मंगाए जा रहे कपड़ों से बनवाए गए नवीन पोशाक पहनाया जाएगा। फल सवामणी प्रसाद का भोग एवं सवामणि भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा। सवामणी प्रसाद की तैयारी मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़िया के सानिध्य में किया जा रही है। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर मंदिर के पट संपूर्ण दिवस दर्शन के लिए खुले रहेंगे।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पधारे जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज



रांची : रांची नगर के सुप्रसिद्ध दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के नवदशम वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की तैयारी जोड़ों पर है। इस दिव्य-भव्य और वृहद् आयोजन का कार्यक्रम 26 जून शुक्रवार से 28 जून रविवार तक चलेगा। जिसके मुख्य सूत्रधार जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और उनके सहयोगी श्रीगोविन्ददास जी महाराज श्रीधाम वृंदावन से रांची के दिव्यदेशम् में 23 जून मंगलवार की रात्रि 9 :00 बजे पहुंच चुके हैं। महाराज श्री ने श्रीनिवास टावर के भगवान दास सत्संग हॉल मे कल्याण महोत्सव मंडपम् के सजावट और मंदिर के सामने बन रहे सुदर्शन यज्ञ मंडपम का निरीक्षण किया साथ में श्री गोविंद दास जी महाराज और मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राम अवतार नारसरिया भी उपस्थित रहे।

### नशे की जद से बाहर निकले युवा पीढ़ी : सर्राफ

रांची : अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि आमजन खासकर युवा पीढ़ी नशे की जद से बाहर निकलें। हमें हर हाल में नशामुक्त समाज बनाना है। जिसमें सबों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से वर्ष 1987 से प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा नशामुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण को बढ़ावा देना है।

## उपायुक्त ने की सिद्धो-कान्हो कृषि व वनोपज जिला सहकारी संघ लि., रांची के साथ आम सभा

# लक्ष्यों, उपलब्धियों व भावी योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, रांची की आम सभा वर्ष 2025-26 से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक मंजूनाथ भजन्त्री के अध्यक्षता में आज आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय, मोरहाबादी में आयोजित किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले के अच्छे कार्य करने वालें टढउर लैंप्स के प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस सम्मान के माध्यम से उन्होंने सहकारी संस्थाओं के उत्कृष्ट योगदान को लेकर प्रोत्साहित किया। बैठक को संबोधित करते

- सभी सहकारी संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा विरोधी जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभायें

हुए श्री भजन्त्री ने संघ के आगामी वर्ष के लक्ष्यों, उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने, कृषि एवं वनोपज उत्पादकों के हितों की रक्षा करने तथा जिले में सहकारी



संस्थाओं को सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा की योग्य मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़े कोई योग्य मतदाता न छूटे इस पर विशेष ध्यान दे। इसके साथ ही भजन्त्री ने जिले में चल रहे नशा जागरूकता अभियान की जानकारी दी। उन्होंने सभी सहकारी संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा विरोधी

- नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। हमें मिलकर नशे के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी करनी होगी : मंजूनाथ भजन्त्री

जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। श्री भजन्त्री ने कहा, नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। हमें मिलकर नशे के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी करनी होगी। उन्होंने लोगों से विशेष रूप से कहा की अफीम की खेती करने वालों की सूचना दे। ऐसे लोगों पर जिला प्रशासन सख़्त कार्रवाई करेगा। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रमुख बिंदु वर्ष 2025-26 के लिए संघ की वार्षिक योजनाओं, बजट और लक्ष्यों पर चर्चा, कृषकों एवं वनोपज संग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने हेतु रणनीति, सहकारी संस्थाओं में डिजिटलीकरण एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उपाय, पर चर्चा करते हुए कई अहम निर्देश दिए गए। बैठक में संघ के अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों और टढउर प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और आगामी वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि., रांची का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों, वनोपज संग्राहकों और सहकारी सदस्यों को सशक्त बनाना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, संजय भगत, उऋ्‍ढ रांची, श्रीकांत वर्मा, जिला सहकारिता पदाधिकारी रांची, रविंद्र दास, जिला कृषि पदाधिकारी रांची, रामशंकर सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, रामगोपाल पांडेय, जिला मत्स्य पदाधिकारी रांची, जिला पशुपालन पदाधिकारी रांची एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख व परिणाम-केन्द्रित बनाने की दिशा में झारखंड सरकार प्रतिबद्ध : राहुल कुमार पुरवार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची एवं कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया, नयी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक रोजगारोन्मुखता एवं परिणाम-आधारित प्रबंधन रूपरेखा विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ रांची के होटल हॉलिडे होम में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, भा.प्र.से. ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख, कौशल-आधारित एवं परिणाम-केंद्रित बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर उन्हें रोजगार, उद्यमिता, नवाचार तथा नेतृत्व क्षमता से भी सशक्त बनाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अभय कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों एवं रोजगार क्षमता के आधार पर किया जा रहा है। परिणाम-आधारित प्रबंधन प्रणाली संस्थानों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा विशेषज्ञ प्रो. राजेश पी. खंबायत ने अपने व्याख्यान में उद्योग-अकादमिक समन्वय, कौशल-आधारित शिक्षण, अधिगम परिणामों के मूल्यांकन तथा संस्थागत विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## कांटाटोली में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को प्रशासन ने किया सील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला प्रशासन ने गुप्त सूचना के आधार पर रांची के कांटाटोली स्थित एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी कर बुधवार को उसे सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अल्ट्रासाउंड मशीन सहित कई उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अवैध रूप से संचालित इस अल्ट्रासाउंड केंद्र के खिलाफ कार्रवाई की है। कांटाटोली चौक के निकट गैलेक्सी कॉम्प्लेक्स स्थित सिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस



विज्ञप्ति के माध्यम से सिविल सर्जन डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अनुमति के बिना अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालन अवैध है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भ्रूण हत्या और लिंगानुपात असंतुलन को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रशासन को सूचना मिली थी कि केंद्र के संचालक डॉ राजेश कुमार बिना आवश्यक पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन कर रहे हैं। इसके बाद गठित टीम ने केंद्र पर छापेमारी की। कार्रवाई का नेतृत्व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने किया। इस दौरान मुख्य रूप अल्ट्रासाउंड मशीन, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, एएनसी रजिस्टर, बिल बुक सहित अन्य संबंधित दस्तावेज एवं उपकरण जब्त किए गए। केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। छापेमारी टीम में नामित दंडाधिकारी, लोअर बाजार थाना पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय के प्रतिनिधि सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## गायत्री जयन्ती सह गंगा दशहरा संग पूज्य गुरुदेव का मनाया गया महाप्रयाण समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : त्रिवेणी संगम के रूप में गायत्री परिवार साधक-शिष्यों ने गायत्री महामंत्र का सामूहिक सस्वर पाठ, गुरु-ईश ध्यान,नमन वंदन सहित 'चलेंगे हम जगत जननी तुम्हारे ही इशारे पर' प्रज्ञागीत गायन वादन कर गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर टू धूर्वा यज्ञशाला में महायज्ञ 9 कुण्डीय विधान से आज सोल्लास मनाया। इस बीच कुछ नये परिजनों ने गायत्री महामंत्र की गुरुदीक्षा संस्कार ली और यज्ञोपवित परिवर्तन कराये। दो पाली में यज्ञीय आहुतियां दी गई। अमृताशन का भण्डारा हुआ। इस क्रम में मंगलवार को दिन भर 12 घंटे का जप-अनुष्ठान किया गया।यज्ञ दौरान पुरोहित ने बताया कि परमात्मा से साधना,प्रार्थना में यदि मांगना हो तो सदगुणों की सम्पदा ही मांगनी चाहिए।बताया कि ईश्वरीय उपासना साधना में उपासना,साधना का उद्देश्य झोली पसारना नहीं, स्वार्थ की पूर्ति नहीं, दीन भावना नहीं, ये शोभनीय नहीं है। यह न आत्मा को शोभनीय है न परमात्मा को प्रिय। आस्तिकता, उपासना,साधना से हमें जीवन चर्या में पवित्रता,पात्रता, योग्यता, क्षमता, बनानी व बढ़ानी चाहिए।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम से की शिष्टाचार भेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम के आवास पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की एवं राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने बैजनाथ राम के उज्ज्वल एवं सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में झारखंड के विकास एवं जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। भेंट के दौरान झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा राज्यभर में संचालित विभिन्न सामाजिक, सेवा एवं जनजागरण गतिविधियों की जानकारी भी साझा की तथा समाजहित एवं जनहित के कार्यों में निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन का आग्रह किया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे। सभी ने बैजनाथ राम का अभिनंदन करते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। यह शिष्टाचार भेंट सौहार्द, सामाजिक सहभागिता एवं जनसेवा के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। प्रतिनिधिमंडल मे प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, महामंत्री दीपक गोयंका कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया प्रांतीय संयोजक अमित शर्मा रांची शाखा अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव मुकेश शर्मा कोषाध्यक्ष अनीश सरावगी उपस्थित हुए।

## डॉ. मुंजीबी के निधन पर कांग्रेस नेता के. राजू ने जताया शोक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गुलफाम मुजीबी के असामयिक निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे कांग्रेस परिवार एवं झारखंड की सामाजिक-राजनीतिक के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। साथ ही प्रदेश प्रभारी के. राजू को डॉ मुंजीबी के निधन की समाचार प्राप्त होन पर उन्होंने भी शोक संवेदना प्रकट किये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. गुलफाम मुजीबी जीवनभर कांग्रेस की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव एवं जनसेवा के प्रति पूरी निष्ठा के साथ समर्पित रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, अल्पसंख्यक समाज सहित समाज के सभी वर्गों की आवाज को बुलंद करने तथा सामाजिक न्याय और भाईचारे की भावना को सशक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और सेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुजीबी हमारे संघर्ष के सच्चे साथी थे। उनका व्यवहार अत्यंत सरल, सहज और मिलनसार था। वे हर कार्यकर्ता को सम्मान देने में विश्वास रखते थे और संगठन के छोटे से छोटे कार्यकर्ता की बात को गंभीरता से सुनते थे।

## एक्सआईएसएस, रांची में बैच 2026-28 का हुआ ओरिएंटेशन-सह-इंडक्शन प्रोग्राम सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने बुधवार को पीजीडीएम बैच 2026-28 के लिए ओरिएंटेशन-कम-इंडक्शन प्रोग्राम का समापन किया। 8-दिवसीय इस प्रोग्राम में छात्रों को संस्थान के एकेडमिक ढांचे, मूल्यों, सपोर्ट सिस्टम और कैंपस लाइफ के बारे में पूरी जानकारी दी गई। इंडक्शन प्रोग्राम के दूसरे दिन की शुरूआत संस्थान के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे के संबोधन से हुई, जहां उन्होंने छात्रों को संस्थान के मूल्यों और सिद्धांतों को अपनाते हुए जोश, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अपनी एकेडमिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद सहायक निदेशक, डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने जेसुइट शिक्षा और तौर-तरीकों पर एक सेशन लिया। फाइनेंस ऑफिसर, फादर अशोक कंडुलना एसजे और डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर एरॉन तिग्गा ने एकेडमिक और फाइनेंशियल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। इंडक्शन कार्यक्रम के आगे के दिनों में, डॉ मधुमिता सिंघा (इंटरनल कंप्लेंट्स कमिटी और स्वयम एनपीटीएल), डॉ निरंजन साहू (एंटी-रैगिंग कमिटी), डॉ अनंत कुमार (काउंसलिंग सर्विसेज) और डॉ रत्नेश चतुर्वेदी (स्टूडेंट्स ग्रीवेंस रिड्रेसल कमिटी) ने छात्रों को संस्थान के सपोर्ट सिस्टम से परिचित कराया। लाइब्रेरी इंचार्ज सुश्री शमिदा लकड़ा और डॉ अराना कौसर ने छात्रों को लाइब्रेरी के रिसोर्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में बताया। प्रोग्राम में सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची की डॉ सौम्या मानिनी सिन्हा ने भारत के संविधान पर एक सेशन लिया और डॉ इंद्राणी घटक व उनकी टीम ने हॉस्टल ओरिएंटेशन आयोजित किया।

## झारखंड में मॉनसून सुस्त, 24 जून तक 58 प्रतिशत कम बारिश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में इस वर्ष मानसून की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। राज्य में एक जून से 24 जून तक सामान्य के मुकाबले 58 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में सूखे जैसी स्थिति बनने लगी है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार राजधानी रांची को छोड़ अधिकांश जिलों में वर्षा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राज्य में अब तक सबसे बेहतर स्थिति रांची जिले की रही है। यहां सामान्य वर्षा की तुलना में केवल 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। रांची में इस अवधि के दौरान सामान्यतः 137.4 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, जबकि अब तक 119.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके विपरीत राज्य के कई जिलों में वर्षा का भारी अभाव बना हुआ है। सबसे चिंताजनक स्थिति गढ़वा और चतरा जिलों की बताई जा रही है, जहां सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। वर्षा की कमी का असर कृषि गतिविधियों पर भी पड़ने लगा है। किसान खरीफ फसलों की बुआई के लिए पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जबकि जलाशयों और छोटे जलस्रोतों में भी अपेक्षित जलभराव नहीं हो पाया है। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिलों को छोड़कर राज्य के शेष 20 जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने तथा कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा गुमला जिले के रायडीह क्षेत्र में 71.4 मिलीमीटर दर्ज की गई। यह राज्य में इस अवधि की सर्वाधिक वर्षा रही। हालांकि अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का वितरण असमान रहा, जिसके कारण कई जिलों में गर्मी और उमस बनी हुई है। तापमान की बात करें, तो राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे वहां लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं सबसे कम तापमान लातेहार में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची में बुधवार सुबह से मौसम साफ रहा, जिससे लोगों को तेज गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाने से तापमान में कुछ कमी आई और लोगों को राहत मिली। रांची में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। बोकारो में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री तथा न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का हुआ आयोजन

# नशामुक्त समाज का निर्माण ही उद्देश्य : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के बहु बाजार चैक, चुटिया रांची में डालसा रांची के टीम द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि, न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर पीएलवी रजनी कुमारी, संगीता देवी, मानव कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को माननीय नालसा तथा झालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारी में जानकारी दी। पीएलवी मानव कुमार सिंह ने स्थायी लोक अदालत पर फोकस किये और कहा कि जन-उपयोगिता सेवाओं से जुड़े मामलों का निस्तारण स्थायी लोक अदालत में किया जा सकता है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में बताया और कहा कि पीएलवी राज्य के सभी अस्पतालों व स्कूलों में नियुक्त है, जहां आप आवेदन दे सकते है और राज्य सरकार से मिलनेवाली सुविधों का लाभ प्राप्त कर सकते है। पीएलवी संगीता देवी ने लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, विधवा पेंषन एवं वृद्धा पेंषन इत्यादि के बारे में जानकारी दी वहीं पीएलवी रजनी कुमारी ने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदलत की जानकारी दी।

यह भी ज्ञात हो कि पीएलवी मानव कुमार सिंह ने डॉन योजना पर भी फोकस किये और कहा कि विधिक जागरूकता के माध्यम से नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही उद्देश्य है।

### जन-उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों को सुलझाने का मंच है पीएलवी : डालसा



**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में सोनाहातू प्रखण्ड के हारीन पंचायत के बारेडीह गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी कपिलदेव प्रसाद केषरी, रामेश्वर चैधरी, रूपनारायण सिंह मुण्डा, भोलानाथ महतो, आरती कुमारी, आशिक राज महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा रांची के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं (विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से) योजना, 2024 के बारे में जानकारी दी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाजेब इंद्रपुरी ब्रांच में विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/इंद्रपुरी** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाजेब इंद्रपुरी ब्रांच में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक अजय कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए योग करें, स्वस्थ रहें का संदेश दिया। उन्होंने नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कार्यक्रम के दौरान जुम्बा विद योगा सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग एवं फिटनेस से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर योग दिवस का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पाजेब की डायरेक्टर अनुश्री मैडम के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक झलक

### नेशनल मेडिकल काउंसिल की केन्द्रीय टीम शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची

**हजारीबाग :** नेशनल मेडिकल काउंसिल की केन्द्रीय टीम बुधवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची। पता नहीं क्या-क्या निरीक्षण की निरीक्षण किया और क्या नहीं किया इस कॉलेज में 2019 से पढ़ाई आरंभ हुआ है उसे समय से लेकर आज 7 वर्ष पूरे हो गये हैं लेकिन अफसोस की बात है कि अभी भी कई डिपार्मेंट अस्पताल में नहीं है। उदाहरण के तौर पर न्यूरो डिपार्टमेंट, बर्न डिपार्मेंट, कार्डियोलॉजिस्ट डिपार्मेंट ऐसे कई विभाग अस्पताल में नहीं है। जिससे लोगों को इलाज में दिक्कत हो ही रही है साथ ही साथ यहां के बच्चों को पढ़ाई में भी बहुत दिक्कत हो रही है। छात्रों को फाइनल एग्जाम देने में भी बहुत दिक्कत होगा। इसलिए सी पी एम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने टीम से मांग किया है की हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह के गरीब जनता के हित में और यहां पढ़ने वाले छात्रों के हित में इस कॉलेज आवश्यकता अनुसार तमाम डिपार्टमेंट को अभिलंब खोला जाये और उसके अनुसार डॉक्टर की बहाली जायेगी।

### सुरेश कुमार महतो जेएलकेएम पार्टी के बनाये गये जिला उपाध्यक्ष



**विष्णुगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने मंगलवार को पत्र जारी करते हुए विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा निवासी सुरेश कुमार महतो को जनता के बीच हर समस्याओ के समाधान में हमेश तत्पर रहना,पार्टी के प्रति ईमानदारी निष्ठा सक्रियता एवं महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष पद से पदोन्नति कर पार्टी का जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साथ हीं विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र से घनश्याम महतो (जिला महासचिव), टहल महतो ( जिला वरीय उपाध्यक्ष), भूपेंद्र महतो (जिला सचिव) पद पर नियुक्त किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र से जिला स्तर में नियुक्त किए जाने पर प्रखंड क्षेत्र एवं पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। सुरेश कुमार महतो ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो को धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो जी ,समस्त केंद्रीय पदाधिकारीगण एवं दिल के करीबी भाई एवं साथियों का तहे दिल से धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आशा नहीं पूरी विश्वास दिलाता हूं कि संगठन के सिद्धांतों, उद्देश्यों एवं जनहित के कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करूंगा। जेएलकेएम केंद्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर मुकेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन महासचिव माही पटेल, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष रामचंद्र राम, नंदलाल महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार, टेकलाल महतो, नागेश्वर कुमार, अभिषेक कुमार, सन्नी कुमार, उदय भारत फाउंडेशन के संस्थापक विनय कुमार, बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार, सुखदेव महतो, राजकुमार, संतोष कुमार महतो समेत कई कार्यकताओं ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर बधाई दी है।

### सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र पासवान के निधन से क्षेत्र में शोक

**दारू (हजारीबाग) :** दारू प्रखंड क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र पासवान (50 वर्ष), पिता स्वर्गीय कन्हाय राम, का बुधवार को निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। उनके असामयिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुरेंद्र पासवान सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जाने जाते थे। वे समाज के विभिन्न जनहित कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके सरल, मिलनसार और सेवाभावी व्यक्तित्व के कारण क्षेत्र में उनकी विशेष पहचान थी। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। वे सामाजिक रिश्ता संस्था से जुड़े हुए थे और संस्था के माध्यम से रक्तदान शिविर, पौधारोपण, शिक्षा जागरूकता अभियान तथा गरीब एवं बेसहारा लोगों की सहायता जैसे कार्यों में सक्रिय योगदान देते थे। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार दास और सचिव राजन सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेंद्र पासवान का निधन संस्था और समाज दोनों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। सुरेंद्र पासवान चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाइयों में भुवनेश्वर कुमार, राजेश्वर कुमार एवं राजेंद्र कुमार शामिल हैं। परिवार में उनकी दो बहनें भी हैं। वे अपने पीछे बुजुर्ग माता, पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गये हैं।

---

### मुहर्रम पर्व को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया जुलूस मार्ग व मेला स्थल का निरीक्षण

# आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने की अपील





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को मुहर्रम जुलूस मार्ग, कर्बला स्थल एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने झंडा चौक, खिरगांव चौक, लोहसिंघना, मंडई कर्बला, पेलावल सहित छड़वा डैम स्थित मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संपूर्ण जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करते हुए सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मुहर्रम के दौरान आमजनों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर मेडिकल कैंप, अस्थायी शौचालय तथा पेयजल आपूर्ति हेतु टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही सभी संबंधित विभागों को निर्धारित ट्रैफिक रूट प्लान के अनुसार यातायात संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम नागरिकों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, डीएसपी सीसीआर, थाना प्रभारी।

## मुहर्रम को लेकर दारू में प्रशासन अलर्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**दारू/हजारीबाग :** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दारू प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अंचल अधिकारी दारू, प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू तथा पुलिस प्रशासन की टीम ने टीजी गैस, हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च जबरा, भटविघा, बासौबार, हरली, क्वालू, झुमरा बाजार, दारू बाजार सहित आसपास के इलाकों में निकाला गया। इस क्रम में अधिकारियों ने विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यक कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने आम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। किसी भी आपात स्थिति या सूचना के लिए कंट्रोल रूम नंबर 8002529348, 8002529349 एवं थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर 9113130962 पर तत्काल संपर्क करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

---

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में राशन वितरण और ई-केवाईसी कार्यों की समीक्षा

## निर्धारित मात्रा में लाभुकों के बीच वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश




**खूंटी :** उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (आपूर्ति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राशन वितरण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, राशन कार्ड और आपूर्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।
समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (जेएसएफएसएस) के अंतर्गत लाभुकों को खाद्यान्न वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों को समय पर खाद्यान्न उठाव और निर्धारित मात्रा में लाभुकों के बीच वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था की निगरानी करने को कहा।
बैठक में राशन कार्डधारियों के आधार और मोबाइल नंबर सीडिंग की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इस कार्य में तेजी लाने और सभी पात्र लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी और आधार सीडिंग की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाए ताकि लाभुकों को योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।
बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित आपूर्ति विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीवीसी कोनार डिस्पेंसरी एवं सीएसआर के सहयोग से सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के बरहमोरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के दिशा निर्देश से बुधवार को डीवीसी कोनार डिस्पेंसरी एवं सीएसआर के सहयोग से सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान डॉ. बी एन मंडल एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, वजन, आंख एवं अन्य जरूरी जांच कर निःशुल्क दवा का भी वितरण किया। बच्चों में स्वास्थ्य जांच को लेकर काफी उत्साह देखा गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के शिविर से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समय पर बीमारियों की पहचान संभव हो पाती है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### पंचपति शिक्षण एवं इंग्लिश स्पोकन विषय पर आचार्य बैठक आयोजित

## ब्रजेश कुमार सिंह ने आचार्य-दीदी जी का किया मार्गदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली में आयोजित आचार्य बैठक में हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक, ब्रजेश कुमार सिंह ने आचार्य-दीदी को पंचपति शिक्षण प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण एवं अंग्रेजी इंग्लिश स्पोकन विषय पर स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पीपीटी के माध्यम से आचार्य को तरह-तरह के टिप्स दिये। उन्होंने इस अवसर पर पंचपति शिक्षण प्रणाली एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप लेसन प्लान को कैसे बनाया जाए इस विषय पर पीपीटी के माध्यम से आचार्य-दीदी जी को बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा-आप सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। इसके लिए सबसे पहले आपको अपडेट एवं अपग्रेड होते रहना पड़ेगा। आप स्वयं पर विचार करें। स्वयं का मूल्यांकन करें। आप सभी लर्निंग प्रोसेस में पारंगत हो। उन्होंने लर्निंग ऑब्जेक्टिव, लर्निंग आउटकम, लर्निंग मटेरियल लर्निंग स्ट्रेटजी एवं लर्निंग प्रोसेस आदि पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार सिंह ने आचार्य से कहा- आप सभी विभाग प्रमुख जी के बातों को आत्मसात करने का संकल्प लेकर सतत रूप से अध्ययन- अध्यापन

---

## मांडू रेंज को मिला नया कार्यालय मांडू विधायक ने किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही :** मांडू वन परिसर में वन क्षेत्र पदाधिकारी के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने विधिवत रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नया कार्यालय बनने से वन विभाग के कार्यों के संचालन में सुविधा होगी तथा वन संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को और प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों को वन संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जनसहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा जंगलों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की। डीएफओ नितेश कुमार ने कहा कि नया कार्यालय वन क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों को गति देने के साथ-साथ आम लोगों और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद भोला तुरी, रेंजर बटेश्वर पासवान, मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि बालेश्वर भुइयां, शाहिद सिद्दीकी समेत वन विभाग के पदाधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा समाज का विकास शिक्षा से सम्भव होगा : विकास राणा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक परिसदन भवन हजारीबाग में बुधवार को आयोजित की गई। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। बैठक के मुख्य रूप से जिला कमेटी के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण, हजारीबाग में जिला सम्मलेन के आयोजन पर चर्चा की गई, हजारीबाग जिला में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया, हजारीबाग जिले के सभी प्रखण्ड में सदस्यता अभियान चलाने पर विचार विमर्श किया गया एवं हजारीबाग जिला मुख्यालय में विश्वकर्मा भवन निर्माण करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि हजारीबाग जिला में सदस्यता अभियान चलाकर समाज के लोगों जोड़ा जायेगा। सभी प्रखण्ड में बैठक कर हजारीबाग जिला मुख्यालय में भव्य रूप से जिला सम्मलेन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने कहा कि हजारीबाग जिला मुख्यालय में विश्वकर्मा भवन का निर्माण किया जायगा जिसका लाभ विश्वकर्मा समाज के अंतिम व्यक्ति को मिलेगा। जिला कमेटी के पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, जिला उपाध्यक्ष महादेव राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, कंचन शर्मा, पुनीत राणा, अनिल राणा, बासुदेव राणा, बिनोद राणा, शंकर राणा, मुकेश राणा, खिरोधर राणा, बालेश्वर राणा, रामलखन राणा, दीपक कुमार शर्मा, यादव राणा, मुंन्द्रिका राणा, किशोरी राणा सहित अन्य लोग शामिल थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष महादेव राणा ने किया।

## पांच दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के बेड़ा खरना में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पूर्णाहुति अवसर पर पूर्व मंत्री झारखंड सरकार जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी संध्या आरती में शामिल हुईं तथा पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ललिता देवी ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति की ओर से उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ललिता देवी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है तथा लोगों को मानसिक शांति प्राप्त होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु प्रसाद साव, हीरामन महतो, अशोक भाई पटेल, बालेश्वर महतो, दिनेश कुमार मंडल, मुखिया रामचंद्र यादव, मनोज यादव, पंचम महतो, रवीना देवी, पम्मी देवी, रिंकू देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, योगेश्वरी देवी, सुमित्रा देवी, अंजनी देवी एवं धार्मिक देवी उपस्थित थे।

---

### अवैध शराब कारोबार पर थाना प्रभारी इकबाल हुसैन का करारा प्रहार

## 150 किलो जावा महुआ नष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गिद्दी (हजारीबाग) :** जिले में अवैध शराब निर्माण और उसके कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गिद्दी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गिद्दी थाना क्षेत्र के ग्राम रेलीगड़ा मांझी टोली में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए झाड़ियों में छिपाकर रखे गए लगभग 150 किलोग्राम जावा महुआ को बरामद कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने किया। उनकी सक्रियता और सतर्क निगरानी के कारण अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों को बड़ा झटका लगा है। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने स्पष्ट किया कि गिद्दी थाना क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध शराब निर्माण, तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस लगातार ऐसे तत्वों पर नजर बनाए हुए है और भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
स्थानीय लोगों ने भी गिद्दी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई देखने को मिल रही है। गिद्दी पुलिस की यह कार्रवाई न केवल अवैध शराब कारोबार पर बड़ा प्रहार है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में पुलिस अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ मैदान में डटी हुई है।

### ग्यारह हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आने से गाय की मौत

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के गैड़ा में ग्यारह हजार हाई टेंशन तार चपेट में आने से दीपचंद यादव कि साहीवाल नस्ल की दुधारू गाय की मौत हो गई। गैड़ा पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से बिजली विभाग के पदाधिकारियों की इसकी सूचना दी गई परंतु विभागीय पदाधिकारी दुर्घटना होने का इंतजार करते रहे। जमीन की सतह से ग्यारह हजार हाई टेंशन तार की दूरी मात्र दो से तीन फीट की दूरी पर है, इसके पहले भी कई किसानों की बकरी की मौत तार के चपेट में आने से हो चुकी है। समय रहते अगर विभाग के पदाधिकारी संज्ञान नहीं लेते हैं तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।

### रांची में अधिकारियों से मिले सांसद मनीष जायसवाल

## सड़क एवं पेयजल योजनाओं में तेजी लाने की उठायी मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली के संसद भवन परिसर में आयोजित लोकसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक से लौटने के बाद बुधवार को रांची में झारखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सड़क निर्माण एवं पेयजल आपूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सांसद मनीष जायसवाल ने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से भेंट कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की कई लंबित सड़क परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने एनएच-33 हजारीबाग-चतरा पथ से हजारीबाग-बगोदर पथ (बाईपास फेज-2) निर्माण प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। साथ ही रामगढ़ के पटेल चौक से बोंगाबार तक लगभग 10 किलोमीटर सड़क को फोरलेन बनाने के प्रस्ताव को सीआरआईएफ योजना के तहत केंद्र सरकार को अनुशंसित करने का आग्रह किया। इसके अलावा नया मोड़ चौक से गिद्दी दामोदर पुल (हीरक रोड) तक जर्जर सड़क की मरम्मत तथा रामगढ़ जिले के कोठार चौक से गोला तक सड़क को फोरलेन में विकसित करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने विशेष वार्ता की। इसी क्रम में सांसद मनीष जायसवाल ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अबू इमरान से मुलाकात कर बरही-चौपारण जलापूर्ति योजना को शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी। उन्होंने हजारीबाग एवं रामगढ़ जिलों में जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कहा कि कई गांवों में अब तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं, जबकि अनेक स्थानों पर नियमित जलापूर्ति भी नहीं हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने विभागीय सचिव से योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

---

## गगन चुम्बी निशानों के साथ हुआ आठवीं तारीख छड़वा मोहर्रम मेला का आगाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कटकमसांडी ( हजारीबाग) :** मोहर्रम की आठवीं तारीख को तेरह गावों का जुलूस छड़वा मोहर्रम मैदान पहुंच कर आखाडें का मिलान हुआ। बुधवार को खुटरा, सुलमी, हेदलाग, बलियंद, गदोखर वन गदोखर टु, पबरा, लुपूंग, पिचरी, रोमी, डाड़, सारूगाड्डु नवादा गांव का जुलूस अपने आखेडें के साथ 12 बजे छड़वा मैदान में प्रवेश किया। अकीदमदों ने पारंपरिक औजारों से खेल का प्रदर्शन किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व छड़वा मोहर्रम कमिटी के लोंगो का महत्वपूर्ण योगदान रहा । प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता तथा पेलावल ओपी के थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने मेले का जायजा लिया। मौके पर छड़वा मोहर्रम कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को उपाध्यक्ष बाबर अंसारी सचिव कमालउद्दीन इराकी, अजमल अंसारी कोषाध्यक्ष शेख इंत्तेफाक प्रवक्ता निसार खान संरक्षक अनवारूल हक, अंतू साव, मिस्बाहुल हक, साजिद अली खान, मोहम्मद रब्बानी, आखाड़ाधारियों में मोहम्मद सिराजुद्दीन, कलाम अंसारी, असलम खान, गुलाम शाबिर उर्फ बबलू, इसरैल खान, मोहम्मद रुश्तम, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद खालिक, मोहम्मद समसुउद्दीन, मोहम्मद मुस्ताक, खातो मिंया के अतिरिक्त समाजसेवी राजा मोहम्मद, फिरोज खान, महबूब अंसारी, जमशेद खान, महमूद अंसारी, शेख शहजाद, अकबर अंसारी, ओबी मल्लिक, इरशाद अंसारी, शेख इम्तियाज, शेख अफताब आलम, नौशाद खान, शेख मुशर्रफ, शेख शाने, महमूद अंसारी, एकराम अंसारी, बरकत अंसारी, वकार अंसारी, वसीम सर, मोहम्मद इस्माइल के अतिरिक्त सैकड़ों गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर इकबाल हुसैन ने थाना क्षेत्र में चलाया विशेष जागरूकता अभियान



**गिद्दी (हजारीबाग):** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से गिद्दी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने थाना क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ढअ सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) के माध्यम से लोगों को मुहर्रम पर्व के दौरान शांति एवं भाईचारे का संदेश दिया। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने आमजनों, अखाड़ा समितियों एवं जुलूस में शामिल होने वाले युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम का त्योहार आपसी सौहार्द और अनुशासन के साथ मनाएं। उन्होंने जुलूस को प्रशासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार निकालने तथा तय समय पर ही उसका समापन करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गिद्दी पुलिस की इस सराहनीय पहल को स्थानीय लोगों ने सकारात्मक कदम बताते हुए स्वागत किया। क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन की सक्रियता से लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बना हुआ है। प्रशासन का उद्देश्य है कि मुहर्रम पर्व पूरी श्रद्धा, अनुशासन और भाईचारे के साथ संपन्न हो तथा क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक सौहार्द कायम रहे। शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ मनायें मुहर्रम- गिद्दी पुलिस की जनता से अपील।

## एक झलक

### बीएलए-2 को दिया गया प्रशिक्षण मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश

**धनबाद** : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) कार्यक्रम के तहत धनबाद विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) को बुधवार को पुराने समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने की। इस अवसर पर उन्होंने राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए-2 को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जा सकेगा। उन्होंने सभी एजेंटों को घर-घर सत्यापन कार्य में सहयोग करने तथा पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, निर्वाचन प्रभारी सादिक आलम, विनोद कुमार सिंह समेत निर्वाचन शाखा के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### गायत्री जयंती उत्सव का श्रद्धा व भक्ति के साथ समापन

**बाघमारा (धनबाद)** : सलानपुर हीरक कैंप स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में आयोजित दो दिवसीय मां गायत्री जयंती उत्सव का बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक अनुष्ठानों के साथ भव्य समापन हुआ। उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना, गायत्री महामंत्र जप तथा हवन में शामिल होकर आध्यात्मिक वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बास्ताकोला ज्ञानपीठ से पहुंचे सीताराम गुप्ता एवं रीना गुप्ता ने श्रद्धालुओं को वैदिक परंपराओं के अनुरूप पूजा-अर्चना की विधि बताई। उनके मार्गदर्शन में गुरु भाइयों एवं बहनों ने मां गायत्री, युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य तथा वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से गूंजता रहा। उत्सव के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक पीले वस्त्र धारण कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। हवन के बाद सामूहिक आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व लगभग दो घंटे तक गायत्री महामंत्र का सामूहिक जप किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। कतरास, पंचगढ़ी, भटमुरना एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में अनुशासन, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने वाला बताया।

### देर रात तक चला ड्रंक एंड ड्राइव अभियान, 07 वाहन जब्त

**धनबाद** : सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस ने मंगलवार की देर रात तक ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव ने किया। अभियान विनोद बिहारी चौक और सिटी सेंटर के समीप संचालित किया गया, जहां ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे। अभियान के दौरान चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों की जांच की। साथ ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब सेवन की भी जांच की गई। जांच के दौरान 213 से अधिक वाहन चालकों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से सात चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाये गये। पुलिस ने सभी दोषी चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को जब्त कर लिया। ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना सड़क हादसों की प्रमुख वजहों में से एक है। ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए जिले में नियमित रूप से विशेष जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों का पालन करने और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने के प्रति जागरूक भी किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी छलांग

# आईपीडी में 542% व ओपीडी में 199% वृद्धि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से धनबाद सदर अस्पताल ने बीते एक वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या और चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार ने इसे जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भरोसेमंद स्वास्थ्य केंद्र बना दिया है। बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन और उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बताया कि जून 2025 से मार्च 2026 के दौरान सदर अस्पताल के इंडोर मरीजों (आईपीडी) की संख्या में 542 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी से मई 2025 तक जहां केवल 696 मरीज भर्ती हुए थे, वहीं जून 2025 से मार्च 2026 के बीच 4,466 मरीजों का सफल उपचार कर उन्हें डिस्चार्ज किया गया। इसी अवधि में ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या 35,008 से बढ़कर 1,04,702 पहुंच गई, जो 199 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। अस्पताल में पहली बार ऑर्थोपेडिक सर्जरी सेवा शुरू होने के बाद सर्जरी की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पहले जहां पांच माह में 47 सर्जरी हुई थीं, वहीं जून 2025 से मार्च 2026 तक 239 सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। सीजेरियन डिलीवरी की संख्या भी 162 से बढ़कर 1,100 हो गई। इसके अलावा 388 मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए तथा 211 गंभीर कुपोषित बच्चों का उपचार मॉडल कुपोषण उपचार केंद्र में किया गया। स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए अस्पताल परिसर में नया रजिस्ट्रेशन काउंटर, पार्किंग शेड, चहारदीवारी, अतिरिक्त भवन और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस 12 बेड का एमएनसीयू तथा 14 बेड का मॉडल एमटीसी सेंटर स्थापित किया गया है।

## धनबाद में 74.73 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी 07 अक्टूबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची



**धनबाद** : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत धनबाद जिले में अब तक 74.73 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए शेष मतदाताओं से जल्द अपना सत्यापन और मैपिंग कराने की अपील की। उपायुक्त ने बताया कि जिले के कुल 21,15,997 मतदाताओं में से 15,81,364 मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है, जबकि 5,34,633 मतदाताओं का सत्यापन अभी शेष है। विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा में सिंदरी में 83.34 प्रतिशत, निरसा में 85.04 प्रतिशत, टुंडी में 85.79 प्रतिशत और बाघमारा में 80.46 प्रतिशत मैपिंग दर्ज की गई है, जबकि धनबाद और झरिया विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः 56.67 और 63.64 प्रतिशत मैपिंग हुई है। इसके अलावा जिले में 3.73 लाख से अधिक मतदाताओं के रिकॉर्ड में विभिन्न प्रकार की विसंगतियां भी चिन्हित की गई हैं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त की जायेगी।

# तेतुलिया अवैध खनन हादसे पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका, सीबीआई जांच की मांग से हड़कम्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा/धनबाद** : धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड स्थित तेतुलिया क्षेत्र में कथित अवैध कोयला खनन और उससे जुड़े गंभीर हादसे को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। इस याचिका में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने तथा अवैध खनन में शामिल लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी द्वारा दायर याचिका (केस फाइलिंग नंबर-7388/2026) में आरोप लगाया गया है कि तेतुलिया स्थित 2 नंबर सीम की बंद भूमिगत खदान में लंबे समय से पिलर काटकर अवैध उत्खनन किया जा रहा था। याचिका के अनुसार यह खदान कोल माइंस नेशनलाइजेशन एक्ट 1973 के बाद भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अधीन है। याचिकाकर्ता ने कुछ स्थानीय लोगों को नामजद करते हुए उन पर अवैध खनन संचालन में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। याचिका में 27 मार्च 2023 को हुए कथित हादसे का भी उल्लेख किया गया है। आरोप है कि उस दिन बड़ी संख्या में मजदूरों को अवैध खनन के लिए खदान के भीतर भेजा गया था। देर रात खदान की चाल धंसने से कई मजदूर मलबे में दब गए। याचिकाकर्ता का दावा है कि हादसे के बाद प्रभावी राहत एवं बचाव अभियान चलाने के बजाय खदान के मुख्य मुहाने को बंद कर दिया गया, जिससे अंदर फंसे लोगों को बचाने का अवसर नहीं मिल सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए याचिका में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव, झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, सीबीआई निदेशक, बीसीसीएल के सीएमडी, डीजीएमएस, एनडीआरएफ, धनबाद उपायुक्त तथा धनबाद एसएसपी को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में तत्कालीन उपायुक्त संदीप सिंह द्वारा 23 नवंबर 2022 को जारी पत्र का भी हवाला दिया गया है। पत्र में अवैध खनन और सुरक्षा संबंधी मामलों की जांच कर कार्रवाई करने, अवैध मुहानों को बंद करने तथा खतरनाक संरचनाओं को ध्वस्त करने के निर्देश दिये गये थे।

## 17 करोड़ की लागत से बनेगा जी+6 अत्याधुनिक पुलिस कॉम्प्लेक्स

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : धनबाद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुदृढ़ तथा जनसुविधा केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। शहर में लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से ग्राउंड प्लस छह मंजिला (जी+6) अत्याधुनिक पुलिस कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जायेगा। इस बहुमंजिला भवन में महिला थाना, एससी-एसटी थाना, यातायात थाना, साइबर थाना तथा आहतु थाना को एकीकृत कर एक ही परिसर से संचालित किया जाएगा। इससे आम नागरिकों को पुलिस सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और शिकायतों के निष्पादन में भी तेजी आएगी। परियोजना को लेकर धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने धनबाद थाना परिसर स्थित प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के इंजीनियर भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान भवन की डिजाइन, निर्माण प्रक्रिया, आवश्यक सुविधाओं और कार्य की समयसीमा पर विस्तार से चर्चा की गई। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय पर परियोजना पूरी करने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार वर्तमान में महिला थाना, एससी-एसटी थाना और यातायात थाना अलग-अलग भवनों में संचालित हो रहे हैं। नए कॉम्प्लेक्स के निर्माण के बाद इन सभी इकाइयों के साथ साइबर थाना और आहतु थाना को भी एक ही भवन में स्थानांतरित कर दिया जायेगा। भवन में आधुनिक कार्यालय, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, फरियादियों के लिए प्रतीक्षालय, बैठक कक्ष और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## सुनीत केरकेट्टा की गिरफ्तारी के विरोध में जरियागढ़ थाना का घेराव

**खूंटी** : कर्रा प्रखंड के लापा बांधटोली निवासी सुनीत केरकेट्टा की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को संयुक्त पड़हा संघ के नेतृत्व में दर्जनों गांवों के महिला-पुरुषों ने जरियागढ़ थाना का घेराव किया। गिरफ्तारी के विरोध में जुटे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सुनीत केरकेट्टा को निर्दोष बताते हुए उनकी रिहाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण थाना परिसर में प्रवेश कर गिरफ्तार सुनीत केरकेट्टा की तलाश करने का प्रयास करने लगे। हालांकि वे थाना परिसर में नहीं मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने थाना के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए पुलिस पर झूठे आरोप लगाकर निर्दोष लोगों को फंसाने का आरोप लगाया।

### फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी पर प्रशासन सख्त

# कई कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : शहर में संचालित कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने बुधवार को सख्त कार्रवाई की। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में अग्निशमन संबंधी आवश्यक मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर प्रशासन ने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिये।

जांच के दौरान टीम ने भवनों में आपातकालीन निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र, विद्युत सुरक्षा, सीढ़ियों की स्थिति तथा आपदा की स्थिति में छात्रों के सुरक्षित निकास की व्यवस्था का निरीक्षण किया। कई संस्थानों में अग्निशमन यंत्र या तो उपलब्ध नहीं थे अथवा उनकी वैधता समाप्त हो चुकी थी। कुछ भवनों में आपातकालीन निकास की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं मिली, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी के मानक पूरे नहीं हैं, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिन संस्थानों में गंभीर खामियां पाई गईं, उन्हें मानक पूरा होने तक संचालन बंद रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संचालकों को अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने, नियमित रूप से फायर ऑडिट कराने तथा भवनों में सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध रखने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी कि निर्देशों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई को विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पद्म भूषण से सम्मानित होने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/झरिया (धनबाद)**: झारखंड आंदोलन के महानायक और दिशोम गुरु के नाम से विख्यात स्वर्गीय शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिए जाने पर झरिया में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा के बाद झामुमो धनबाद महानगर एवं झरिया नगर इकाई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन का पूरा जीवन झारखंड की पहचान, आदिवासी-मूलवासी अधिकारों तथा जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनके नेतृत्व में चले लंबे जनांदोलनों ने अलग झारखंड राज्य के गठन की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि पद्म भूषण सम्मान केवल शिबू सोरेन को नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन से जुड़े लाखों संघर्षशील लोगों और उनके सपनों को मिला सम्मान है। वक्ताओं ने कहा कि दिशोम गुरु का संघर्ष, त्याग और जनसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। इस सम्मान से पूरे झारखंड के लोगों का गौरव बढ़ा है। खुशी के इस अवसर पर झामुमो धनबाद महानगर के उपाध्यक्ष मदन राम, झरिया नगर सचिव दिलीप महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष अवधेश यादव, नगर उपाध्यक्ष जाहिद शेख, जसीम अंसारी, रमेश सोरेन, जालंधर भुईयां, शकील अंसारी, गुलअफशा खातून, कर्मवीर पासवान, दिलीप यादव, राहुल चौहान, राहुल कुमार, सुमन मोदक, पप्पू विश्वकर्मा, सुरेश महतो, संतोष निषाद, सत्येंद्र कुर्मी, जीतू शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लिलोरी स्थान रेलवे पुल के समीप भीषण सड़क हादसा, पिकअप-ऑटो की टक्कर में कई घायल

**बाघमारा (धनबाद)** : कतरास थाना क्षेत्र के लिलोरी स्थान रेलवे पुल के समीप बुधवार को एक पिकअप वाहन और तीन पहिया ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर में कई लोग घायल हो गये। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन (संख्या JH 01 एट 1846) लिलोरी स्थान की ओर से काको की तरफ गलत दिशा में जा रहा था। वहीं ऑटो (संख्या JH 10 AK 1868) काको से राहुल चौक की ओर अपने निर्धारित मार्ग पर आ रहा था। बताया जाता है कि तेज रफ्तार और गलत दिशा में चल रहे पिकअप वाहन का चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वाहन सीधे ऑटो से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## तोपचांची में डायलिसिस केन्द्र शुरू, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा धनबाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/तोपचांची** : ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तोपचांची में नवस्थापित डायलिसिस केंद्र का बुधवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त आदित्य रंजन तथा उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। डायलिसिस केंद्र शुरू होने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी तथा समय पर इलाज मिलने से गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि अब स्थानीय मरीजों को डायलिसिस के लिए धनबाद या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत समेत विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत पात्र मरीजों को यहां निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र में अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें, जीवन रक्षक उपकरण तथा प्रशिक्षित तकनीशियनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने डायलिसिस केंद्र की स्थापना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

## अदानी डे पर रक्तदान अभियान का समापन, 290 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह

**सिन्दरी (धनबाद)** : अदानी फाउंडेशन के तत्वावधान में अदानी सीमेंट (एसीसी) लिमिटेड, सिंदरी द्वारा आयोजित 15 दिवसीय रक्तदान अभियान का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदानी के जन्मदिवस पर मनाए जा रहे ₹अदानी डे₹ के अवसर पर इस अभियान का समापन किया गया। 10 जून से शुरू हुए इस विशेष रक्तदान शिविर में कुल 290 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। रक्तदान शिविर का आयोजन लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था। शिविर के संचालन में रेडक्रॉस सोसाइटी तथा एसएनएमएमसीएच धनबाद की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान में कंपनी के कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लांट निदेशक पुष्प राज गौतम ने शिविर के आयोजन से लेकर समापन तक विशेष रुचि ली। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल सामाजिक दायित्व है, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। रक्तदान अभियान की सफलता पर प्रबंधन ने इसे सामाजिक सरोकारों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# धोखरा पंचायत को बलियापुर प्रखंड में शामिल करने की मांग तेज, विधायक ने दिया आश्वासन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : धोखरा पंचायत को धनबाद प्रखंड से हटाकर बलियापुर प्रखंड में शामिल करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। बुधवार को पंचायत के जाहेर थान में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने इस मुद्दे को उठाया। बैठक में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि वर्तमान में धोखरा पंचायत धनबाद प्रखंड के अंतर्गत होने के कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लगभग 27 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इससे आम लोगों को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना था कि बलियापुर प्रखंड मुख्यालय मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, इसलिए पंचायत को बलियापुर प्रखंड में शामिल किया जाना जनहित में होगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि धोखरा पंचायत पहले से ही बलियापुर अंचल, साक्षरता कार्यालय तथा बलियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसके बावजूद प्रखंड मुख्यालय धनबाद होने से लोगों को विभिन्न प्रमाणपत्र, योजनाओं एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिखकर धोखरा पंचायत को बलियापुर प्रखंड में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस संबंध में उनका प्रयास लगातार जारी है और जनहित के इस मुद्दे को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। बैठक में पंचायत की अन्य स्थानीय समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सत्येंद्र महतो, मदन महतो, भूपति महतो, शिवप्रसाद महतो, जुड़न माझी, विशु सोरेन, अनिल महतो, आमोद बाउरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अवैध लॉटरी बिक्री पर कांग्रेस का गुस्सा मोहर्रम के बाद आन्दोलन की चेतावनी



**धनबाद** : जिले में प्रतिबंधित लॉटरी की कथित बिक्री को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस के महामंत्री अशोक मालाकार ने आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा अवैध लॉटरी पर रोक लगाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धनबाद, झरिया, केंदुआ समेत विभिन्न बाजारों में खुलेआम प्रतिबंधित लॉटरी की बिक्री जारी है। अशोक मालाकार ने कहा कि उन्होंने इस मामले की जानकारी दूरभाष के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को दी थी। पुलिस की ओर से उन्हें बताया गया कि अवैध लॉटरी की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। उन्होंने दावा किया कि कई बाजारों में अब भी धड़ल्ले से लॉटरी टिकट बेचे जा रहे हैं, जिससे आम लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने प्रशासन से मांग की कि अवैध लॉटरी कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इस धंधे पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाये। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाता है तो मोहर्रम के बाद जिला कांग्रेस के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जायेगा। मालाकार ने चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### स्वास्थ्य कार्ड नहीं बनने पर फूटा लोगों का गुस्सा

# तीन घंटे ठप रही कोयला ट्रांसपोर्टिंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झरिया/धनबाद** : भेड़ाकाटा बंगाली कोठी निवासी 67 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मी गोपी गोप को मंगलवार देर शाम ब्रेन हेमरेज होने के बाद स्वास्थ्य कार्ड नहीं होने की वजह से इलाज में हो रही परेशानी ने स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़का दिया। नाराज लोगों ने बुधवार को राजापुर कोल डंप में तीन घंटे तक कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बस्ताकोला महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत अधिकारी अनुराग सिंह पर सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वास्थ्य कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई और स्वास्थ्य कार्ड की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग उठाई गई। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बिरु दास ने कहा कि बस्ताकोला क्षेत्र के दर्जनों सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वास्थ्य कार्ड लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद गोपी गोप का स्वास्थ्य कार्ड नहीं बन सका। इसके कारण गंभीर रूप से बीमार होने के बाद भी उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के नाम पर कुछ लोगों से पैसे लिए जाते हैं, फिर भी उनका काम समय पर नहीं होता। इधर सूचना मिलने पर बस्ताकोला महाप्रबंधक ने अपने एक अधिकारी को राजापुर कोल डंप भेजा। अधिकारी ने आंदोलनकारियों से वार्ता कर जल्द स्वास्थ्य कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया और कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य पुनः शुरू हो सका। आंदोलन में अशोक गोप, अभिषेक गोप, चंदन गोप, रोहित, बिरु दास, भीम दास, सुमीत भुईयां, चंदन सिंह, सतीश दास, हरी गोप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे।

# मोहर्रम को लेकर धनबाद पुलिस अलर्ट, पुलिस केन्द्र में हुआ व्यापक मॉक ड्रिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस केंद्र धनबाद में विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस बल की आपात परिस्थितियों से निपटने की क्षमता और विधि-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों का आकलन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर आयोजित इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने किया। ड्रिल के दौरान जवानों को भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील हालात में त्वरित प्रतिक्रिया, उपद्रव की स्थिति से निपटने तथा समन्वित कार्रवाई के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने जवानों की तत्परता और संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। मॉक ड्रिल के दौरान वरीय अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मोहर्रम के अवसर पर जिले के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि अथवा शांति भंग करने के प्रयास पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आम लोगों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव, ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। पुलिस के अनुसार मोहर्रम को लेकर जिलेभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्ती, सीसीटीवी निगरानी तथा वरीय अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि पर्व शांति, सुरक्षा और आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न हो सके।

## मोहर्रम को लेकर धनबाद पुलिस अलर्ट, निकाला गया फ्लैग मार्च



**धनबाद** : आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर धनबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर बुधवार को सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुआ फ्लैग मार्च हिल कॉलोनी, पम्पू तालाब, बरमसिया पुल, गजुआटांड, गोल बिल्डिंग, मनाईटांड, डुमरियाटांड, टिकियापाड़ा, रेलवे सिनेमा रोड, स्टेशन साउथ साइड, बैंक मोड़, नया बाजार, कमर मखदूमी रोड, रहमतगंज, आरा मोड़, शमशेर नगर, आजाद नगर, भारत चौक, पांडरपाला, पॉलिटेकनिक रोड, बेकारबांध, सिटी सेंटर और रणधीर वर्मा रोड सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति और भाईचारे के साथ मोहर्रम मनाने की अपील की। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि पर्व के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, लगातार गश्त, त्वरित कार्रवाई दल, सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

## धनबाद में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1178 वाहनों की हुई जांच

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर मंगलवार को देर शाम तक व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1178 वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का भी सत्यापन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखना तथा संभावित आपराधिक घटनाओं की रोकथाम करना है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।

## सम्पादकीय.....

# बदलाव के संकेतों की राजनीति ?

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की ओर सभी राजनीति पंडितओ का एक फिर से आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जिसे चर्चा का बाजार फिर से गर्म है। उनका मानना है कि भारतीय राजनीति में कई बार घटनाओं से अधिक महत्वपूर्ण उनके संकेत होते हैं। सत्ता के गलियारों में जब अचानक गतिविधियाँ बढ़ने लगें,संगठनात्मक बैठकों का दौर तेज हो जाए, राज्यों में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाएं होने लगें, राज्यसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएँ और विभिन्न दलों के नेता नई राजनीतिक पारी की तलाश में सत्ताधारी दल की ओर रुख करने लगें, तब अनुभवी राजनीतिक पर्यवेक्षक समझ जाते हैं कि राजनीति किसी बड़े परिवर्तन की पटकथा की भूमिका लिख रही है। आज देश की राजधानी दिल्ली में कुछ ऐसा ही वातावरण दिखाई दे रहा है। केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के संगठन को लेकर चल रही चर्चाएं यह संकेत दे रही हैं कि आने वाले दिनों में सत्ता और संगठन दोनों स्तरों पर महत्व पूर्ण परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के प्रारम्भिक चरण में है। किसी भी सरकार के लिए यह वह समय होता है, जब पहली उत्साह धीरे-धीरे प्रशासनिक यथार्थ में बदलता है और राजनीतिक नेतृत्व आगामी वर्षों की रणनीति तैयार करना शुरू करता है। भाजपा की कार्यशैली को देखते हुए यह मानना कठिन नहीं कि पार्टी नेतृत्व 2027 के महत्व पूर्ण विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी अभी से आरम्भ कर चुका है। यही कारण है कि मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक पुनर्गठन की चर्चाएं केवल राजनीतिक अटकलें नहीं, बल्कि व्यापक रणनीतिक सोच का हिस्सा प्रतीत होती हैं। हाल में सम्पन्न राज्यसभा चुनावों ने भी राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा दी है। भाजपा ने विभिन्न सामाजिक वर्गों,क्षेत्रों और पेशेवर पृष्ठभूमि से आने वाले चेहरों को संसद के उच्च सदन में भेजकर यह संकेत दिया है कि पार्टी भविष्य की राजनीति के लिए नया नेतृत्व तैयार कर रही है। भारतीय राजनीति में राज्यसभा केवल विधायी सदन नहीं, बल्कि अनेक बार केंद्रीय नेतृत्व की प्रयोगशाला भी रही है।अतीत में अनेक ऐसे नेता रहे हैं, जिन्हें पहले राज्यसभा के माध्यम से राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित किया गया और बाद में मंत्रिपरिषद में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसलिए यह स्वाभाविक है कि राज्यसभा में पहुँचे कुछ नए चेहरे भविष्य के संभावित केंद्रीय मंत्री के रूप में भी देखे जा रहे हैं। राजनीतिक चर्चाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू उन नेताओं को लेकर भी है जिन्होंने हाल के वर्षों में विभिन्न दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है।भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई घटना नहीं है, किन्तु जब सत्तारूढ़ दल में प्रभावशाली नेता शामिल होते हैं तो उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज होना स्वाभाविक है। भाजपा नेतृत्व के सामने चुनौती यह है कि वह पुराने कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं, नए नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और क्षेत्रीय राजनीतिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित करे। यही कारण है कि मंत्रिमंडल और संगठन में संभावित बदलाव को केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन साधने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन चर्चाओं के बीच हाल में एक केंद्रीय राज्य मंत्री के इस्तीफे को राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार किए जाने की घटना ने भी राजनीतिक हलकों में नई जिज्ञासा पैदा कर दी है। भारतीय राजनीति में हर इस्तीफा केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं माना जाता। कई बार वह व्यापक राजनीतिक पुनर्संरचना का संकेत भी बन जाता है। यद्यपि आधिकारिक रूप से इसे सामान्य संवैधानिक प्रक्रिया बताया गया है, फिर भी राजनीतिक विश्लेषक इसे संभावित फेरबदल से जोड़कर देख रहे हैं।

## ● किसने क्या कहा



लोकतंत्र में पद सेवा का माध्यम, विशेषाधिकार का नहीं

**सीपी राधाकृष्णन**
**उपराष्ट्रपति**



विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए, प्रवासी न लें भाग

**के. रवि कुमार**
**झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी**

# अमेरिका से साझेदारी, मगर भारत किसी के दबाव में नहीं !

विशेष | **डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



भारत अब महाशक्तियों के बीच संतुलन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेता है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका प्रमुख उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद जारी रखी और अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की। इस कदम ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अपने हितों के आधार पर निर्णय लेने वाला स्वतंत्र शक्ति केंद्र बन चुका है। ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों और उद्योग जगत में चिंता बढ़ी। एच-1बी वीजा नियमों को सख्त करने और व्यापारिक मामलों में दबाव बढ़ाने जैसे कदम भारत के लिए चुनौती थे। लेकिन भारत ने इनका उत्तर टकराव से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति से दिया।

**भारत** और अमेरिका आज विश्व की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में से एक हैं। रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और हिंद-प्रशांत सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है और दोनों देशों के बीच आर्थिक तथा सामरिक सहयोग नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है। इसके बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में एच-1बी वीजा, टैरिफ, प्रवासन नीति और बाजार पहुंच जैसे मुद्दों पर अमेरिका ने कई बार भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया। किंतु भारत ने इन चुनौतियों के सामने झुकने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और विविधीकरण की नीति को और मजबूत किया। यही वह परिवर्तन है जिसने दुनिया को दिखाया कि नया भारत साझेदारी करता है, लेकिन किसी एक देश पर निर्भर नहीं रहता। पिछले एक दशक में भारत की विदेश नीति का सबसे बड़ा आधार रणनीतिक स्वायत्तता बनकर उभरा है। भारत अब महाशक्तियों के बीच संतुलन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेता है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका प्रमुख उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीद जारी रखी और अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की। इस कदम ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अपने हितों के आधार पर निर्णय लेने वाला स्वतंत्र शक्ति केंद्र बन चुका है। ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों और उद्योग जगत में चिंता बढ़ी। एच-1बी वीजा नियमों को सख्त करने और व्यापारिक मामलों में दबाव बढ़ाने जैसे कदम भारत के लिए चुनौती थे। लेकिन भारत ने इनका उत्तर टकराव से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति से दिया। भारत ने यह समझ लिया कि किसी एक देश या आपूर्ति स्त्रोत पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। इसलिए उसने विविधीकरण को अपनी नीति का प्रमुख आधार बनाया। ऊर्जा क्षेत्र में भारत ने व्यापक बदलाव किए। पहले जहां तेल आपूर्ति के लिए सीमित स्त्रोतों पर निर्भरता थी, वहीं अब भारत ने विभिन्न देशों के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। इसका परिणाम यह हुआ कि रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित नहीं हुई। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और वैकल्पिक आपूर्ति स्त्रोतों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी भारत ने आत्मनिर्भरता और विविधीकरण दोनों को महत्व दिया। कोविड महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य आपूर्ति के लिए किसी एक देश पर निर्भरता खतरनाक हो सकती है। इसी कारण भारत ने विभिन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ घरेलू उत्पादन क्षमता को मजबूत करने पर जोर दिया। 'मेक इन इंडिया' के तहत मेडिकल उपकरणों के निर्माण को प्रोत्साहन दिया गया और स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में भारत पहले से ही विश्व की प्रमुख दवा उत्पादक शक्ति है, लेकिन सक्रिय औषधीय सामग्री (एपीआई) के लिए बाहरी निर्भरता एक चुनौती थी। इसे कम करने के लिए भारत ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया और नई साझेदारियों का विस्तार किया। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम हुई, बल्कि वैश्विक दवा उद्योग में भारत की स्थिति और मजबूत हुई। तकनीक और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी भारत ने दूरदर्शी नीति अपनाई है। वैश्विक स्तर पर चिप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग को देखते हुए भारत ने प्रमुख तकनीकी देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है। देश में स्थापित हो रही सेमीकंडक्टर परियोजनाएं इस बात का संकेत हैं कि भारत भविष्य की तकनीकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य केवल आयात कम करना नहीं, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना भी है। रक्षा क्षेत्र में भारत की नीति संतुलन और स्वायत्तता का उत्कृष्ट उदाहरण है। अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ भारत ने रूस, फ्रांस, इजरायल और अन्य देशों के साथ भी अपने संबंध बनाए रखे हैं। इस बहुआयामी रणनीति ने भारत को किसी एक शक्ति केंद्र पर अत्यधिक निर्भर होने से बचाया है और उसकी सामरिक क्षमता को मजबूत किया है। खाद्य सुरक्षा, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी भारत ने विविधीकरण को प्राथमिकता दी है। भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न देशों के साथ रणनीतिक सहयोग विकसित किया गया है। इससे भारत की औद्योगिक और तकनीकी जरूरतों को दीर्घकालिक आधार मिला है। व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भी भारत ने नए अवसरों का विस्तार किया है। विभिन्न देशों और क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों, निवेश सहयोग और सप्लाई चेन साझेदारियों के माध्यम से भारत ने अपने आर्थिक विकल्पों को व्यापक बनाया है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी पहलें इसी सोच का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य भारत को वैश्विक व्यापार और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है।

# समान नागरिक संहिता का बाल-अधिकार दृष्टिकोण

गौरतलब | **डॉ. निवेदिता शर्मा**



आज जब मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में विचार कर रहा है, तब यह आवश्यक है कि इसका प्रारूप वैवाहिक, पारिवारिक और उत्तराधिकार संबंधी कानूनों का एकीकरण करने तक सीमित न रहे, वह बाल-अधिकारों की सुरक्षा का भी सशक्त दस्तावेज बने।

**भले** ही भारत का संविधान प्रत्येक बच्चे को गरिमा, समानता, सुरक्षा और विकास का अधिकार प्रदान करता है, किंतु जब भी हम परिवार, विवाह, तलाक, उत्तराधिकार या सामाजिक परंपराओं की चर्चा करते हैं, तब प्रायः वयस्कों के अधिकारों और दायित्वों पर अधिक विचार होता है। जिसकी वाणी अक्सर सबसे कम सुनाई देती है, वे हैं हमारे बच्चे। वास्तव में किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने बच्चों के अधिकारों और हितों की कितनी प्रभावी रक्षा करती है। आज जब मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में विचार कर रहा है, तब यह आवश्यक है कि इसका प्रारूप वैवाहिक, पारिवारिक और उत्तराधिकार संबंधी कानूनों का एकीकरण करने तक सीमित न रहे, वह बाल-अधिकारों की सुरक्षा का भी सशक्त दस्तावेज बने। इसी दृष्टि से मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर विचार करते समय सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह होना चाहिए कि इससे हमारे बच्चों का जीवन कितना बेहतर, सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनेगा। यूसीसी का मूल दर्शन ह्लबालक का सर्वोत्तम हितह्व होना चाहिए, क्योंकि बच्चे किसी भी विवाद, निर्णय या व्यवस्था के पक्षकार नहीं होते, किंतु उसके परिणामों से सबसे अधिक प्रभावित रहते हैं। हमारे समाज में अनेक परंपराएं और रीति-रिवाज लंबे समय से प्रचलित रहे हैं। अधिकांश परंपराएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं, किंतु यदि कोई परंपरा किसी बच्चे के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा या सम्मान में बाधक बनती है, तो वहां बच्चे के अधिकारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यूसीसी में यह स्पष्ट होना चाहिए कि विवाह, तलाक, अभिरक्षा, संरक्षकता, भरण-पोषण, दत्तक ग्रहण और उत्तराधिकार से जुड़े प्रत्येक निर्णय में बच्चे का सर्वोत्तम हित सर्वोपरि होगा। कोई भी धार्मिक प्रथा, सामाजिक मान्यता या व्यक्तिगत कानून बच्चे के अधिकारों से ऊपर नहीं हो सकता। एक कम उम्र की बच्ची, जिसके हाथों में किताबें होनी चाहिए, वह विवाह और मातृत्व की जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाती है। एक किशोर, जिसे शिक्षा और कौशल के अवसर मिलने चाहिए, वह समय से पहले वयस्क जीवन की चुनौतियों में उलझ जाता है, इसलिए यूसीसी में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की सर्वोच्चता को पूर्ण स्पष्टता के साथ स्थापित किया जाना जरूरी है।

## आज का इतिहास

- मुगल शासक बाबर 529 में बंगाल पर विजय प्राप्त कर अपनी राजधानी आगरा लौटा।
- वर्जीनिया 1788 में अमेरिका के संविधान को अपनाने वाला 10वां राज्य बना।
- अमेरिका के राष्ट्रपति एंड्रयू जॉनसन ने 1868 में सरकारी कर्मचारियों के लिये दिन में आठ घंटे काम करने का कानून पारित किया।
- बाबा सोहन सिंह की अध्यक्षता में गदर पार्टी का गठन 1913 में हुआ।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने 1932 में ब्रिटेन के लॉर्ड्स मैदान पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने 1940 में पेरिस, फ्रांस में नेपोलियन की कब्र और एफिल टॉवर देखा।
- फिनलैंड ने 1941 में सोवियत संघ पर हमले की घोषणा की।
- एन फ्रैंक की डायरी ऑफ ए यंग गर्ल 1947 को आज ही के दिन प्रकाशित हुई थी। इसकी 3 करोड़ प्रतियां बिकी और 67 भाषाओं में अनुवादित हुई।
- कोरियाई गृहयुद्ध 1950 में आरंभ हुआ। आजादी की लड़ाई लड़ रहे उत्तरी और दक्षिण कोरिया के बीच शुरू हुए इस गृह युद्ध ने बाद में अंतरराष्ट्रीय शीतयुद्ध का रूप ले लिया।
- अमेरिकी टेलीविजन एवं रेडियो नेटवर्क सीबीएस ने 1951 में न्यूयार्क से चार शहरों में पहले रंगीन टीवी प्रोग्राम का प्रसारण किया।
- मेडागास्कर 1960 में फ्रांस से स्वतंत्र हुआ।
- इराक ने 1961 में घोषणा की कि कुवैत इराक का हिस्सा है।
- इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 1975 को देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की थी।
- भारत ने 1983वेस्टइंडीज को 43 रनों से हरा कर पहली बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।
- किम कैंपबेल 1993 में कनाडा की 19वीं प्रधानमंत्री बनीं।

## सुविचार

जो बच्चों को सिखाते हैं, उन पर बड़े खुद अमल करें, तो यह संसार स्वर्ग बन जाय।

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

चितवन से जो रुखाई प्रकट की जाती है, वह भी क्रोध से भरे हुए कटु वचनों से कम नहीं होती।

**आचार्य रामचन्द्र शुक्ल**

## अंकजाल - 8309

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 9 | 36 | 17 | 15 | | 17 | 26 | |
| 24 | 3 | | 6 | | 3 | | 2 | | 9 |
| 27 | | 4 | | 2 | | | | 7 | 15 |
| | | | 3 | | 2 | | 3 | | 27 |
| 15 | | 6 | | | | 7 | | 5 | 17 |
| 21 | 7 | | 5 | | | | 2 | | 14 |
| 35 | | 5 | | 7 | | 6 | | | |
| 7 | 2 | | | | 4 | | 8 | | 30 |
| 13 | | 8 | | 4 | | 6 | | 7 | 26 |
| | 24 | 26 | | 21 | 8 | 42 | 16 | 15 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 8308 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 22 | 11 | 56 | 28 | | | 23 | 23 | |
| 29 | 5 | 7 | 8 | 9 | | 3 | 5 | 4 | 12 |
| 23 | 9 | 2 | 7 | 5 | | 8 | 7 | 5 | 20 |
| | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 39 |
| | | | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 7 | 33 |
| 31 | 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | | | |
| 35 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | |
| 23 | 7 | 8 | 8 | | 5 | 8 | 6 | 4 | 23 |
| 21 | 6 | 8 | 7 | | 3 | 5 | 6 | 7 | 21 |
| | 21 | 28 | | | 31 | 37 | 15 | 15 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## विराट सत्ता की झांकी

**ईश्वर** चेतना निराकार है। साकार तो उसका कलेवर भर दिखता है। ईश्वर का दृश्य स्वरूप यह विराट ब्रह्माण्ड है। अर्जुन, यशोदा, कौशल्या आदि का मन ईश्वर दर्शन के लिए व्याकुल हुआ तो उन्हें इसी रूप में दिव्य दर्शन कराये गये। इसके लिए दिव्य नेत्र दिये गये। कारण, स्थूल दृष्टि से विराट विश्व को नहीं देखा जा सकता। जिन्हें पूर्व कथानकों के अनुरूप दर्शन ही भक्ति भावना का सफलता का आधार दिखाई पड़ता है, उनके लिए प्रतिमा-प्रतीकों का निर्धारण किया गया है। व्यापक चेतना की सत्ता तो सभी प्राणियों में समान रूप से विद्यमान है। मात्र शरीरधारी आकार ही चाहिए तो फिर भगवान की आकृति किसी भी प्राणी के रूप में हो सकती है पर यह परिकल्पना रास नहीं आती और मनुष्य शरीर का अभ्यास होने के कारण अधिक मनभावन प्रतीत होता है। इसलिए प्रतिमाओं में मनुष्याकृति को ही प्रमुखता दी गयी है। यों तत्त्वदर्शियों ने मछली, वाराह, नृसिंह आदि को भी भगवान के अवतार बताकर प्राणी मात्र में दिव्य सत्ता का दर्शन करने का संकेत किया है, पर वह प्रतीक सब में प्रतिष्ठत न हो सका। चित्रों, प्रतिमाओं में देवी-देवताओं के वाहन पशु-पक्षी हैं पर उन्हें सेवक भर की मान्यता मिल सकी। यद्यपि निर्धारण कर्ताओं का अभिप्राय यही था कि प्राणी मात्र में ईश्वर की झांकी की जाए और उनके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाए जैसा दिव्य संरचना के हर घटक के साथ किया जाना उचित है।

# लखनऊ कोचिंग अग्निकांड : क्या हमारे बच्चों की सुरक्षा सिर्फ खबर बनकर रह जायेगी ?



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**लखनऊ** में हुए हालिया कोचिंग अग्निकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। धुएं से घिरी इमारतें, चीखते-बिलखते विद्यार्थी, घबराए हुए अभिभावक और राहत-बचाव दलों की भागदौड़–ये दृश्य केवल एक दुर्घटना की तस्वीर नहीं हैं, बल्कि हमारी व्यवस्था की उन कमजोरियों का आईना हैं जिन्हें हम वर्षों से अनदेखा करते आ रहे हैं। हर बार किसी बड़े हादसे के बाद कुछ दिनों तक शोक, संवेदना और आक्रोश दिखाई देता है, फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारे बच्चों की सुरक्षा केवल कुछ दिनों की खबर बनकर रह जाएगी? क्या हम तब तक जागेंगे नहीं, जब तक अगली त्रासदी किसी और शहर में, किसी और कोचिंग संस्थान या हॉस्टल में घटित नहीं हो जाती?

आज भारत में लाखों विद्यार्थी अपने घरों से दूर रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कोटा, दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, पटना, जयपुर और चंडीगढ़ जैसे शहर शिक्षा के बड़े केंद्र बन चुके हैं। अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें इन संस्थानों में भेजते हैं। वे फीस भरते हैं, हॉस्टल का खर्च उठाते हैं और यह भरोसा करते हैं कि जहां उनका बच्चा पढ़ रहा है, वहां उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। दुर्भाग्य से यह भरोसा कई बार टूट जाता है।

ऐसे हादसे अचानक नहीं होते। इनके पीछे वर्षों की लापरवाही, नियमों की अनदेखी और जवाबदेही की कमी होती है। जब किसी इमारत में पर्याप्त आपातकालीन निकास नहीं होते, जब बिजली की वायरिंग मानकों के अनुरूप नहीं होती, जब फायर एक्सटिंग्विशर केवल दिखावे के लिए लगाए जाते हैं, जब भवन निर्माण नियमों को ताक पर रखकर व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जाती हैं, तब किसी भी दिन एक छोटी-सी चिंगारी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है।

इस घटना के बाद सबसे पहला प्रश्न अभिभावकों को स्वयं से पूछना चाहिए कि क्या उन्होंने कभी अपने बच्चे के कोचिंग संस्थान, हॉस्टल या पीजी की सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक जांच की है? अक्सर हम संस्थान की प्रतिष्ठा, परिणाम और सुविधाओं के बारे में पूछते हैं, लेकिन सुरक्षा संबंधी प्रश्नों को नजरअंदाज कर देते हैं। यह प्रवृत्ति बदलनी होगी। बच्चे के भविष्य जितना महत्वपूर्ण है, उसका जीवन और सुरक्षा उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

अभिभावकों को सबसे पहले आपातकालीन निकास की स्थिति की जांच करनी चाहिए। किसी भी भवन में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकास जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकता है। कई संस्थानों में आपातकालीन सीढ़ियां या तो बंद रहती हैं या उनमें सामान भरा रहता है। कुछ जगहों पर सुरक्षा द्वारों पर ताले लगे होते हैं। ऐसी स्थिति में भगदड़ और अफरा-तफरी के दौरान बाहर निकलना लगभग असंभव हो जाता है। यदि किसी भवन में आपातकालीन निकास स्पष्ट रूप से चिन्हित नहीं हैं या उनके उपयोग में कोई बाधा है, तो उसे गंभीर चेतावनी समझना चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और कार्यशीलता है। फायर एक्सटिंग्विशर केवल दीवारों पर टांग देने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती। उनकी नियमित जांच, रखरखाव और समय-समय पर रिफिलिंग आवश्यक है।

# कर्बला की अमर दास्तान और आधुनिक समाज की चुनौतियां

गौरतलब | **मोहम्मद नूरुद्दीन खान**



**यही** वजह है कि कर्बला की यह घटना सत्य के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की एक ज़िंदा मिसाल बन गई, और आज आशूरे के दिन यानी 10 मुहर्रम को पूरी दुनिया के मुसलमान ही नहीं, बल्कि दूसरी कौमों के लोग भी इस महान शहादत का गम मनाकर उन्हें शिद्दत से याद करते हैं। लेकिन आज के आधुनिक दौर में जब हम मुहर्रम और कर्बला की इस सीख को देखते हैं, तो समाज में एक गहरी चिंता भी नजर आती है।

**मुहर्रम** इस्लाम धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों का एक प्रमुख और बेहद महत्वपूर्ण महीना माना जाता है, जिसकी अपनी एक विशेष पहचान और गहरा इतिहास है। इतिहास के झरोखे में झांकें तो सन 680 ईस्वी में इसी पवित्र महीने में कर्बला नामक स्थान पर एक ऐसा धर्म युद्ध हुआ, जिसने इतिहास की धारा बदल दी। यह युद्ध पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत हुसैन (रज़ि०) और जालिम इब्न ज्याद की सेना के बीच लड़ा गया था। हालाँकि इस युद्ध में जाहिरी तौर पर इब्न ज्याद के कमांडर 'शिम्र' ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए हजरत इमाम हुसैन (रज़ि०) और उनके सभी 72 साथियों को शहीद कर दिया था, जिसमें उनकी गोद में खेल रहे मात्र छह महीने के मासूम पुत्र हजरत अली असगर भी शामिल थे, लेकिन आत्मिक तौर पर जीत हमेशा के लिए हजरत इमाम हुसैन की ही हुई। इस भयानक विभीषिका में इमाम हुसैन के केवल एक पुत्र हजरत इमाम जैनुल आबेदीन ही जीवित बच सके, जो उस समय बीमारी के कारण युद्ध में भाग नहीं ले पाए थे। यही वजह है कि कर्बला की यह घटना सत्य के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की एक ज़िंदा मिसाल बन गई, और आज आशूरे के दिन यानी 10 मुहर्रम को पूरी दुनिया के मुसलमान ही नहीं, बल्कि दूसरी कौमों के लोग भी इस महान शहादत का गम मनाकर उन्हें शिद्दत से याद करते हैं।

लेकिन आज के आधुनिक दौर में जब हम मुहर्रम और कर्बला की इस सीख को देखते हैं, तो समाज में एक गहरी चिंता भी नजर आती है। वर्तमान समय में आमजन को अपने ही दीन और संस्कृति की सही जानकारी न के बराबर रह गई है। लोग अल्लाह के रसूल द्वारा बताए गए पवित्र और सच्चे रास्तों से पूरी तरह वाकिफ नहीं हैं। चिंता की बात यह है कि समाज आज अपनी मूल संस्कृति और पहचान को दिन-प्रतिदिन भूलता जा रहा है और दूसरों की संस्कृति को इस तरह आत्मसात कर रहा है कि वह अपने धर्म के वास्तविक उद्देश्यों से ही भटक गया है। ऐसे हालात में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम हजरत मुहम्मद साहब की बताई बातों और उनके तौर-तरीकों पर गहराई से गौर करें और उन्हें अपने व्यावहारिक जीवन में सही ढंग से अमल में लाएं।

इस सामाजिक भटकाव को दूर करने का एकमात्र और सबसे मजबूत रास्ता सिर्फ शिक्षा ही है। समाज में जो लोग शिक्षा के महत्व और इसकी ताकत से अनजान हैं, उन्हें शिक्षित करना हम सबकी सबसे बड़ी और सामूहिक ज़िम्मेदारी है, ताकि वे पढ़-लिखकर सही-गलत का फर्क समझें और इस्लाम के दिखाए सच्चे रास्ते पर चल सकें। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि पवित्र कुरान में अल्लाह की तरफ से जो सबसे पहली आयत इंसानों के लिए अवतरित हुई थी, वह है–रइक्राऱ, जिसका सीधा और साफ मतलब होता है रपढ़नाऱ। अतः समाज की तरक्की और बेहतरी इसी में छिपी है कि हम अपनी संस्कृति को पहचानें, पैगम्बर के बताए नेक रास्ते पर चलें और शिक्षा की रोशनी को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लें।

## राशिफल

- **मेष** – कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।
- **वृष** – कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।
- **मिथुन** – सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।
- **कर्क** – कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।
- **सिंह** – रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।
- **कन्या** – ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।
- **तुला** – विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। लेदेकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।
- **वृश्चिक** – कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।
- **धनु** – आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए।
- **मकर** – जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।
- **कुंभ** – लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।
- **मीन** – अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

# लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा कार्यों में आ रही समस्याओं की समीक्षा की गयी। बैठक की शुरुआत जन शिकायत निवारण से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा से हुई। उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। जनसेवा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लम्बित मामलों को जल्द निष्पादित करने तथा पोर्टल पर अद्यतन जानकारी दर्ज करने का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में खाद्यान्न वितरण के समय लाभुकों का ई-केवाईसी और आयुष्मान कार्ड निर्माण भी सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए प्रज्ञा केंद्र संचालकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया। कृषि विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित मामलों पर चर्चा हुई। बताया गया कि जिले में 12,854 किसानों का ई-केवाईसी, 2,653 किसानों का आधार सीडिंग और 191 किसानों का लैंड सीडिंग कार्य लंबित है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में लघु सिंचाई, ग्रामीण कार्य, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत, वन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कर विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिज़री, डीएलओ, लातेहार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, एलआरडीसी अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार दिनेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, गोपनीय विशेष कार्य प्रभारी पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड परिसर में लगाया गया जन कल्याण शिविर



अर्हताधारी लाभार्थी विभिन्न योजनाओं के लाभ हेतु अधिकाधिक संख्या में आकर शिविर में करायें अपना पंजीयन : सांसद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आज पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखंड परिसर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाएं विशेष कर आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी-जी-राम जी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों के लिए पंजीकरण शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह शिविर उन सभी पात्र लाभार्थियों के लिए आयोजित की गयी है जो किसी कारणवश योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह गये थे, वे इन तीन दिनों के शिविर में आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सांसद ने केंद्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए 58 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं। आयुष्मान भारत के तहत गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए 5 लाख तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय और उज्ज्वला योजना से करोड़ों नागरिकों का जीवन सुगम बनाया गया है। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी शहरों जैसी सुविधा प्राप्त हो इसके लिए वे प्रतिबद्ध हैं। और समस्याओं को दूर करने के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहते हैं और जनकल्याण हेतु निरंतर सदन में भी आवाज उठाते रहते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पाण्डेय अंचलाधिकारी सत्यम कुमार, शशिभूषण पाण्डेय,निजी सचिव अलख दुबे, लोजपा नगर अध्यक्ष शशांक सुमन, जय दुबे, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, ईश्वरी प्रसाद, श्रवण गुप्ता, शंभु पासवान, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, अविनाश कुमार सिन्हा, मनीष पांडेय, पंकज तिवारी, विजय शर्मा, किशन मारखेडिया, सुदेश्वर चौधरी, शंकर साव, श्रवण चौधरी सहित बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक झलक

### नशे के खिलाफ महिलाओं का मोर्चा, शराब पी रहे युवकों को गांव से खदेड़ा

**लातेहार** : लातेहार के सदर थाना क्षेत्र स्थित उदयपुरा गांव में नशा मुक्ति अभियान को लेकर महिलाओं की जागरूकता देखने को मिली। गांव की महिलाओं ने खुले स्थान पर शराब पी रहे दो युवकों का विरोध करते हुए उन्हें गांव छोड़ने पर मजबूर कर दिया। महिलाओं ने युवकों से पूछताछ की, जिस पर उन्होंने खुद को दूसरे गांव का निवासी बताया। ग्रामीण महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए उन्हें तुरंत वहां से जाने और भविष्य में ऐसी गतिविधि नहीं करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों के अनुसार, नशा मुक्ति अभियान का प्रभाव गांवों तक पहुंच रहा है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को मजबूती मिल रही है।

### खड़े हाईवा से टकरायी कार, युवक की मौत

**लातेहार** : राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जानकारी के अनुसार चतरा शहर के शहादत चौक स्थित बिंड मोहल्ला निवासी जुल्फेकार (30) अपने भतीजे के साथ कार से रांची से चतरा लौट रहे थे। इसी दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र के टमटमटोला (पांकी मोड़) के पास उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक हाईवा के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में जुल्फेकार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि उनके भतीजे को गम्भीर चोटें आयीं। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में उसका एक पैर टूट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची भेज दिया गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने दुर्घटनास्थल के पास सड़क जाम कर दिया और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी और आवागमन प्रभावित हो गया।

### न्यायालय कर्मियों को दिया गया अग्निशमन प्रशिक्षण

**लातेहार** : व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के लिए बुधवार को अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फायर एक्स्टिंग्विशर के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन कर कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के तरीके बताये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर, यहां कार्यरत कर्मियों तथा आने वाले आगंतुकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आग जैसी आकस्मिक घटनाएं कभी भी हो सकती हैं, इसलिए केवल उपकरण उपलब्ध होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका सही उपयोग भी सभी को आना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को व्यवहार में लाने और न्यायालय परिसर को सुरक्षित बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को अग्निशमन यंत्रों के संचालन, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा जान-माल की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## सांसद के निर्देश पर मिश्रौल करम मोड़ में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



क्षेत्र में बिजली हर जगह सुदृढ़ हो, इसके लिए चतरा सांसद हैं संवेदनशील : सांसद प्रतिनिधि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : टंडवा प्रखंड अंतर्गत मिश्रौल करम मोड़ में 25 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवं जिला परिषद सदस्या देवंती देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया। मिश्रौल करम मोड़ में ट्रांसफार्मर खराब होने से पिछले पन्द्रह दिनों से लोग अंधेरे में रह रहे थे, भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगा था, बिजली नहीं रहने से अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, बच्चों की पढ़ाई बाधित थी। इस समस्या के निदान के लिए सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवं जिला परिषद सदस्या के द्वारा चतरा सांसद एवं बिजली विभाग के संज्ञान में दिया गया। इस मामले को सांसद काली चरण सिंह ने त्वरित समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। जिसके बाद बिजली विभाग द्वारा 25 केवीए नया ट्रांसफार्मर मिश्रौल करम मोड़ में लगाया गया। ट्रांसफार्मर लगते ही करम मोड़ वासियों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने इसके लिए चतरा सांसद काली चरण सिंह, विधायक उज्ज्वल दास एवं बिजली विभाग कार्यपालक अभियंता सहित विभाग कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## शिक्षा और रोजगार व्यवस्था पर कांग्रेस का हमला, कहा

# पेपर लीक और बेरोजगारी से युवाओं का भविष्य संकट में



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सोनाल शांति ने देश की शिक्षा व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में अनियमितताओं और रोजगार के सीमित अवसरों ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। स्थानीय परिषदन भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सोनाल शांति ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच देश में करीब 89 पेपर लीक के मामले सामने आए, जिसके चलते 48 परीक्षाओं को दोबारा आयोजित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम-2024 लागू होने के बावजूद कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं नहीं थमी हैं, जिससे कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से एक करोड़ से अधिक अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। सोनाल शांति ने कहा कि केंद्र सरकार के विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। उनके अनुसार मार्च 2023 तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.64 लाख से अधिक पद खाली थे, जबकि जुलाई 2024 तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भी 84 हजार से अधिक रिक्तियां मौजूद थीं रिलवे भर्ती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 4.11 लाख नियुक्तियां हुई थीं, जबकि 2014 से 2024 के दौरान यह संख्या केवल 5.02 लाख तक पहुंची।

### पेंशन भुगतान में देरी पर बीडीसी चन्दन ने उठाया मुद्दा, जल्द भुगतान की मांग



**भवनाथपुर** : सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों द्वारा 3-4 माह से पेंशन राशि नहीं मिलने की शिकायत पर पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी पंकज गिरी से बात कर जल्द भुगतान की मांग की। चन्दन कुमार ठाकुर ने बताया कि वृद्ध, विधवा, दिव्यांग सहित अन्य लाभुक लगातार पेंशन नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। इस पर उन्होंने मामले को गम्भीरता से लेते हुए जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी से संपर्क किया। जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी पंकज गिरी ने बताया कि प्रखंडों से भौतिक सत्यापन रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है। सभी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अगले सप्ताह पेंशन भुगतान होने की संभावना है।

## जेएसएलपीएस जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार 24 एवं 25 जून 2026 को सभी जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित कर न्यूनतम 100 यूनिट रक्त संग्रह करने के लक्ष्य के तहत आज जेएसएलपीएस जिला कार्यालय, पलामू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन जिला कार्यालय, प्रखंड एवं प्रदान संस्था के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। शिविर का शुभारंभ जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी. केरकेट्टा ने स्वयं रक्तदान कर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है, जिससे जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान करने वालों में जिला कार्यालय से नवल किशोर राजू एवं शेखर लाल, प्रदान संस्था से प्रिंस सिंह, रुचिका सिंह, सुनील कुमार (बीपीओ), लॉरेंस लकड़ा (बीपीएम, सतबरवा), कुमारी नम्रता (बीपीएम, मनातू), सुमित कुमार (बीपीएम, रामगढ़) तथा यतीन्द्र ज्योति (बीपीएम, पाटन) सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। जेएसएलपीएस द्वारा बताया गया कि यह रक्तदान शिविर 25 जून को भी जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न प्रखंडों के कर्मियों के साथ-साथ सामुदायिक कैडर भी रक्तदान करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़-नाटक व जागरूकता अभियान का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जिले के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छः मुहान चौक, शाहपुर बस एवं टेम्पो स्टैंड, बैरिया चौक तथा रेडमा चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों में बिना हेलमेट चलने वाले एवं ट्रिपल राइडिंग करने वाले लोगों को फूलों की माला पहनाकर जागरूक किया गया। उन्हें संदेश दिया गया कि यदि वे अपनी सुरक्षा के प्रति लापरवाह रहेंगे और हेलमेट का उपयोग नहीं करेंगे, तो कहीं ऐसा न हो कि भविष्य में उनकी तस्वीर पर ही माला चढ़ानी पड़े। इस प्रतीकात्मक पहल के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने और सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व का एहसास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा सेल के सदस्यों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव तथा अन्य यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही नियमों के उल्लंघन से होने वाली दुर्घटनाओं एवं उनके दुष्परिणामों के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों में यह भावना विकसित करना था कि सड़क सुरक्षा केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं एवं परिवार की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। प्रतीकात्मक रूप से माला पहनाकर नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों को यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## झुलसी और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला की सहायता के लिए आगे आयी मिशन बदलाव की टीम



**गुमला** : शास्त्री नगर क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ और गंभीर रूप से झुलसी एक महिला की सहायता के लिए मिशन बदलाव की टीम आगे आई। अंचल कार्यालय में कार्यरत मिथिलेश कुमार ने मिशन बदलाव के पदाधिकारियों को सूचना दी कि महिला दयनीय अवस्था में घूम रही है और उसे तत्काल मदद की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही मिशन बदलाव की महिला टीम मौके पर पहुंची। टीम ने महिला को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर कपड़े उपलब्ध कराए तथा भोजन कराया। इसके बाद एंबुलेंस की व्यवस्था कर महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर की देखरेख में महिला का उपचार शुरू कराया गया। मिशन बदलाव की इस पहल को मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बताया जा रहा है। इस कार्य में जिला सचिव सय्यदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी, बिनय गोप, जिला अध्यक्ष बिनोद साहू तथा अंचल कार्यालय के मिथिलेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मनरेगा कूप निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, आजसू ने उठायी जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू (लातेहार)** : गारू प्रखंड के रुद पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित कूप निर्माण योजनाओं में भारी अनियमितता और सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई योजनाओं में लाखों रुपये की निकासी कर ली गई, लेकिन धरातल पर कार्य या तो अधूरा है या फिर हुआ ही नहीं। ग्रामीणों के अनुसार बरीबन्ध गांव निवासी सीतल बिरजिया की कूप निर्माण योजना (आईडी-0820) से 2,28,242 की निकासी कर ली गई है, जबकि लाभुक के स्थल पर कूप निर्माण कार्य मात्र पांच फीट तक ही हुआ है। इसी तरह चंपी गांव के संजीत उरांव की योजना (आईडी-8148) से 1,39,995 की निकासी की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य की वास्तविक प्रगति की तुलना में अधिक भुगतान किया गया तथा निर्माण कार्य में भी अनियमितताएं बरती गईं। वहीं महुआडाबर गांव के लाला भुइयां की कूप निर्माण योजना (आईडी-9571) से 1,26,888 की निकासी की गई। ग्रामीणों का कहना है कि कूप की केवल आठ से दस फीट तक खुदाई कराई गयी थी, जिसके बाद वह ढह गया। इसके कारण लाभुक को योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। मामले को लेकर आजसू पार्टी के गारू प्रखंड अध्यक्ष आशीष सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में गरीबों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने जिला प्रशासन से रुद पंचायत की सभी कूप निर्माण योजनाओं की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने की मांग की है। आशीष सिंह ने कहा कि मापी पुस्तिका (एमबी), मास्टर रोल तथा भुगतान संबंधी अभिलेखों की गहन जांच कराई जाए और जिन योजनाओं में लाखों रुपये की निकासी दिखाई गई है, वहां भौतिक सत्यापन भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी राशि का उपयोग वास्तव में निर्माण कार्य पर हुआ है या नहीं। दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो आजसू पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के मुखिया अजय टोप्पो और पंचायत सचिव की निगरानी में संचालित योजनाओं में व्यापक अनियमितताएं हुई हैं।

## नौबतपुर गैंगरेप कांड के विरोध में पत्रकारों ने निकाला कैंडल मार्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बिहार के पटना नौबतपुर में जिले के मनिका की दो युवतियों के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय गेट के समीप पत्रकारों ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की। इस दौरान पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़िताओं को न्याय दिलाने की मांग उठायी। बताया गया कि 18 जून को लातेहार जिले की दो सगी बहनों के साथ बिहार के नौबतपुर में 13 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। 19 जून को मामला स्थानीय थाना पहुंचा, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। हालांकि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। कैंडल मार्च में वरिष्ठ पत्रकार राजीव मिश्रा, नीरज सिन्हा, रामकुमार मिस्त्री, विवेक कुमार सिन्हा, संजय प्रजापति, बबलू खान, रूपेश अग्रवाल, संतोष कुमार, निहित कुमार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल प्रतिभाओं का सम्मान

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने युवाओं से खेल कौशल को निखारते हुए जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी मनोहर टोप्पो सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी शामिल थे। कार्यक्रम के तहत हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हॉकी बालिका वर्ग में उसुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल विजेता एवं उसुलाईन कॉन्वेंट प्राइमरी स्कूल उपविजेता रहा। बालक वर्ग में संट इग्नेशियस हाई स्कूल विजेता तथा संट जेवियर्स हाई स्कूल उपविजेता बना। फुटबॉल बालिका वर्ग में डे बोर्डिंग ए विजेता और डे बोर्डिंग बी उपविजेता रही। बालक वर्ग में ग्रामीण एकादश गुमला विजेता तथा संत इग्नासियुस हाई स्कूल उपविजेता रहा। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं गोला फेंक स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। वहीं बैडमिंटन के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक एकल वर्ग में अनुराग साहु विजेता रहे, जबकि अंडर-17 बालक एकल वर्ग में राजन कुमार सिंह ने खिताब जीता।

## विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में विकसित होती है वैज्ञानिक सोच : डीएसपी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि मुख्यालय डीएसपी अर्चना स्मृति खालको ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा, जिज्ञासा और रचनात्मक सोच को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं के समाधान का भी आधार है। विद्यालय के निदेशक हेमन्त कुमार ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को छह समूहों में बांटा गया था। इसमें पटेल दल प्रथम, तिलक दल द्वितीय और भगत दल तृतीय स्थान पर रहा। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

## सिकनी में अवैध कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई

# 08 रैट होल खदानों के मुहाने को किया बंद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित सिकनी के पास सुरंग बनाकर किए जा रहे अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ जिला खनन विभाग और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर आठ स्थानों पर रैट होल माइनिंग के जरिए अवैध कोयला निकासी होते पाई गई, जिसके बाद सभी सुरंगों के मुहानों को जेसीबी से मिट्टी भरकर बंद करा दिया गया। खनन विभाग और चंदवा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि कई स्थानों पर अवैध रूप से सुरंग बनाकर कोयला निकाला जा रहा था। कार्रवाई के दौरान जेसीबी की मदद से सभी अवैध सुरंगों की डोजरिंग कर उन्हें पूरी तरह बंद कर दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने कहा कि जिले में अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन और भंडारण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रैट होल माइनिंग बेहद खतरनाक होती है। इससे मीथेन जैसी जहरीली गैसों का रिसाव, अचानक पानी भरने और सुरंग धंसने जैसी घटनाओं से जान-माल का गंभीर खतरा बना रहता है। मानसून के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। अभियान में खान निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार, सहायक अवर निरीक्षक राजू कुमार दास तथा सिकनी पुलिस पिकेट के सशस्त्र बल शामिल थे।

### अवैध खनन करनेवालों को जेल भेजें : उपायुक्त

**उपायुक्त** संदीप कुमार ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजने का निर्देश दिया।

### दोषियों को नहीं बख्शा जायेगा : जिला खनन पदाधिकारी

**जिला** खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों पर विभाग की लगातार नजर है। उपायुक्त के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों में पकड़े जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## जगदम्बा मां की 61वीं पुण्यतिथि पर मनाया गया आध्यात्मिक ज्ञान दिवस



**लातेहार** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उप-सेवा केंद्र, सोन भवन बाईपास रोड, लातेहार में बुधवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 61वीं पुण्यतिथि आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों सहित स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुमला से आयीं ब्रह्माकुमारी सुचिता बहन ने मातेश्वरी जगदम्बा के जीवन और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जगदम्बा मां को सभी स्नेहपूर्वक मम्मा कहकर संबोधित करते थे। उन्होंने मम्मा की 52 विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वे त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थीं। मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होंने लगभग 380 बच्चों के अलौकिक पालन-पोषण की जिम्मेदारी सम्भाली और 26 वर्षों तक संस्था की सेवा में समर्पित रहीं। उनका लौकिक नाम राधे था। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह और जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महेश सिंह ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा द्वारा दिए गए आध्यात्मिक मूल्यों और शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर व्यक्ति स्वयं को बेहतर बना सकता है।

## एक झलक

### पर्यटन स्थलों पर चला नशा-विरोधी जागरूकता अभियान

**गुमला :** गुमला जिले में पर्यटन विभाग द्वारा प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों–आंजन धाम, हापामुनी मंदिर, देवाकी बाबा धाम और नवरत्नगढ़ किला–पर मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में लोगों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों के बारे में बताया गया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। पर्यटन विभाग ने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि सभी पर्यटन स्थल नशामुक्त और सुरक्षित बने रहें। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने भी अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### सेल 'ज्ञान उत्सव 2.0' में बीएसएल का शानदार प्रदर्शन

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) ने सेल के 'ज्ञान उत्सव 2.0' के तहत आयोजित एचआर-एलएंडडी इनिशिएटिव्स प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'सर्वश्रेष्ठ लर्निंग एंड डेवलपमेंट पुरस्कार' हासिल किया। यह प्रतियोगिता एमटीआई रांची द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई थी, जिसमें सभी इस्पात इकाइयों ने भाग लिया। बीएसएल ने 'ड्राइविंग परफॉर्मेंस थ्रू लर्निंग' विषय पर आधारित अपनी नवोन्मेषी शिक्षण पहल, नेतृत्व विकास, डिजिटल लर्निंग और कौशल उन्नयन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसके आधार पर उसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बीएसएल का प्रतिनिधित्व एजीएम (एचआर-एलएंडडी) अमित आनंद और राकेश बाबू वेलपुरी ने किया। यह पुरस्कार 23 जून 2026 को रांची में आयोजित उद्घाटन समारोह में सेल के निदेशक (कार्मिक) के. के. सिंह द्वारा बीएसएल की मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) नीता बा को प्रदान किया गया। यह उपलब्धि बीएसएल की निरंतर सीखने और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### नशा मुक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक से जागरूकता अभियान

**गोमिया :** गोमिया के आईईएल थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। आईईएल थाना प्रभारी श्यामल मण्डल के नेतृत्व में मून लाइट चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने नशे के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि नशा कैसे व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और जीवन को बर्बाद कर देता है। संदेश दिया गया कि नशे की लत में व्यक्ति अपना घर, जमीन-जायदाद और सामाजिक सम्मान तक खो देता है।

---

उप विकास आयुक्त ने की ग्रामीण आवास, मनरेगा व 15वें वित्त आयोग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उप विकास आयुक्त अनिमेश रंजन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रखंड समन्वयकों, मनरेगा बीपीओ एवं 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा तथा 15वें वित्त आयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन, लक्ष्य प्राप्ति, स्वीकृत




एवं पूर्ण योजनाओं की स्थिति, लंबित कार्यों तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने, लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभुकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने, संचालित योजनाओं में गुणवत्ता बनाए रखने, समय पर मापी एवं भुगतान सुनिश्चित करने तथा जल संरक्षण, पौधरोपण, परिसंपत्ति निर्माण एवं आजीविका संवर्धन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। वहीं 15वें वित्त आयोग से संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उन्होंने स्वीकृत योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने, प्रगति में तेजी लाने तथा लंबित योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को योजनाओं के विभिन्न आयामों पर सतत निगरानी रखते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिये।

## सेल ने भारतीय नौसेना को दी बड़ी मजबूती 5,700 टन विशेष स्टील की आपूर्ति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना की ताकत को और अधिक मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। कंपनी ने तीन अत्याधुनिक युद्धपोतों–आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस अग्रय और आईएनएस संशोधक–के निर्माण के लिए कुल 5,700 टन विशेष डिफेंस-ग्रेड स्टील (डीएमआर 249ए) की आपूर्ति की है। यह उच्च गुणवत्ता वाला स्टील बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों में तैयार किया गया, जो सेल की तकनीकी क्षमता और गुणवत्ता मानकों को दर्शाता है। इन तीनों युद्धपोतों को 21 जून 2026 को कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय नौसेना में शामिल



किया गया। यह कदम देश की समुद्री सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सेल लगातार 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों को मजबूती दे रहा है। कंपनी ने इससे पहले भी आईएनएस विक्रांत और प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट्स सहित कई प्रमुख नौसैनिक जहाजों के लिए स्टील उपलब्ध कराया है। सेल के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार पांडा ने कहा कि कंपनी देश की रक्षा जरूरतों को पूरा करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन सतर्क

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** जिले में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर एवं सतर्क है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने जरीडीह प्रखंड के टांडबालीडीह - जैनामोड़, कसमार प्रखंड के बुंडु-मोचरो-कसमार बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर दोनों समाज के लोगों एवं समाज के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया।इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी से आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे आगे प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि बोकारो की पहचान आपसी




सौहार्द एवं सामाजिक समरसता रही है, जिसे सभी को मिलकर बनाए रखना है। उन्होंने दोनों समाज के लोगों से एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों में सहभागिता निभाने, ईद की सेवइयां बांटने तथा महावीरी अखाड़ा के लड्डू साझा कर भाईचारे की मिसाल कायम करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने मुहर्रम के दौरान निकाले जाने वाले ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने का निर्देश दिया। कहा कि सभी ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित एवं स्वीकृत रूट के अनुसार ही निकाले जाएं। किसी भी परिस्थिति में रूट में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। सभी ताजिया एवं अखाड़ा समितियों को निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की जानकारी तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष, नजदीकी थाना के थाना प्रभारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी अथवा सीधे उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने समाज के बुजुर्गों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे नई पीढ़ी को त्योहारों की परंपरा, सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे के महत्व से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव संबंधित व्यक्ति के भविष्य, शिक्षा, रोजगार एवं व्यवसाय पर पड़ता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने भी समाज के लोगों से संवाद करते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार से विधि-व्यवस्था बिगाड़ने अथवा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## आज से श्री सम्मेदशिखर तीर्थराज के गुणायतन में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव प्रारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर जी स्थित गुणायतन परिसर में 25 जून से 30 जून तक 1008 भगवान जिनेन्द्रदेव का भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य राष्ट्रसंत मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। इसमें झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। गुणायतन के जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र जैन छावड़ा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश



जैन विद्यावाणी ने बताया कि 24 जून को प्रमुख पात्रों का चयन किया जाएगा। 25 जून को ध्वजारोहण एवं मंडप उद्घाटन के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ होगा और गर्भ कल्याणक की क्रियाएं प्रारंभ होंगी। इसके बाद 26 जून को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध, 27 जून को जन्म कल्याणक, 28 जून को तप एवं दीक्षा कल्याणक, 29 जून को केवलज्ञान कल्याणक तथा 30 जून को मोक्ष कल्याणक के साथ महोत्सव का समापन होगा। मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि पंचकल्याणक केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन रूपांतरण का विज्ञान है। इसमें गर्भ से लेकर मोक्ष तक की यात्रा के माध्यम से आत्मा की शुद्धि और आत्मबोध का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक वैभव धन नहीं, बल्कि गुणों का विकास है। कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से धार्मिक क्रियाएं, 8:45 बजे से धर्मदेशना, दोपहर में मंचीय कार्यक्रम तथा सायं शंका समाधान, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल ने पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक से की मुलाकात, रखीं विभिन्न मांगें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल कोडरमा शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने शाखा सचिव रंजीत कुमार के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात कर ट्रेन मैनेजरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान पीसीओएम, धनबाद मंडल डीआरएम, सीनियर डीओएम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखीं। पहली मांग में क्रैक गाड़ियों का संचालन उनके मुख्यालय से कराने की बात कही गई, क्योंकि हजारीबाग (HZVNL) से कार्य करना कठिन बताया गया। दूसरी मांग में कोडरमा स्टेशन के लाइन संख्या 7 और 8 के बीच सुरक्षित आवागमन हेतु पथ और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की मांग की गई, ताकि बरसात के मौसम में सांप-बिच्छू के खतरे एवं असामाजिक तत्वों की आशंका से बचाव हो सके। तीसरी मांग में नवपदस्थापित या स्थानांतरित ट्रेन मैनेजरों के लिए अस्थायी आवास एवं डॉर्मिटरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई, साथ ही सेफ्टी सेमिनार, विदाई समारोह एवं राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन हेतु उपयुक्त स्थान की व्यवस्था की मांग की गयी। चौथी मांग में वैशाली फास्ट पैसेंजर ट्रेन में ट्रेन मैनेजरों की ड्यूटी को लेकर कोडरमा के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया गया। महाप्रबंधक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिये।

## मारवाड़ी युवा मंच ने पेश की मानवता की मिसाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** स्थानीय मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा के सदस्यों ने समाज सेवा और जीव दया की भावना को साकार करते हुए गौ सेवा का सराहनीय अभियान चलाया। मंच के सदस्यों ने कोडरमा गौशाला पहुंचकर गायों को अपने हाथों से रोटी और गुड़ खिलाया। इसके बाद युवाओं की टीम ने शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और गलियों में घूमकर बेसहारा गायों को भी भोजन कराया। इस पूरे अभियान के दौरान कुल 1500 रोटियां और 51 किलोग्राम गुड़ गायों को खिलाया गया। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि बेजुबान पशुओं की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। सनातन संस्कृति में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है, इसलिए उनकी सेवा और संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस सेवा कार्य में मारवाड़ी युवा मंच के कई सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रांतीय भवन संयोजक राज पच्चीसिया, अध्यक्ष मोहित संघई, सचिव अतुल खेतान, उपाध्यक्ष प्रतीक संघई, शिवेश पच्चीसिया सहित आकाश जैन, उमंग कंदोई, मिशांक केडिया, मिहिर खेतान, अंकित खेतान, तुषार चौधरी, आयुष केडिया, चंद्रशेखर जोशी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।




गो सेवा अभियान में खिलायी 1500 रोटी व 51 किलो गुड़

## श्रद्धापूर्वक मनायी गयी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजी की पुण्यतिथि

**कोडरमा :** भाजपा कोडरमा नगर मंडल द्वारा विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर तथा डोमचांच नगर मंडल द्वारा सन शाइन स्कूल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीरा यादव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक नीरा यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष किया।



### गोमिया प्रखंड कार्यालय में एसआईआर 2026 की तैयारी तेज

**गोमिया :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 को लेकर गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो और अंचलाधिकारी मो. अफताब आलम की उपस्थिति में बैठक कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और स्वच्छ बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि बीएलओ का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। अब बीएलए यानी बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण चल रहा है। सुबह झारखंड मुक्ति मोर्चा और दोपहर में भारतीय जनता पार्टी के बीएलओ द्वारा सभी गणना प्रपत्रों का डोर-टू-डोर वितरण किया जाएगा। बीएलओ की मदद के लिए वालेंटियर भी नियुक्त किए गए हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंटों की सूची जमा कर दी गयी है।

**शपथ पत्र**

मैं रिंकू देवी, पति धनंजय बहादुर उम्र करीब 43 वर्ष, धर्म-हिन्दू, पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता-भारतीय साकिन ग्राम गझंडी, वार्ड नं०- 03, पोस्ट-गझंडी, थाना-झुमरीतिलैया जिला कोडरमा, झारखण्ड शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार कार्ड सं.-3787 1336 6367 है।
2. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड सं.- 7903 6711 5278 में मेरा पुत्र का नाम सुभम कुमार (Subham Kumar) अंकित है।
3. यह कि मेरा पुत्र का सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा पुत्र का नाम शिवम कुमार (Shivam Kumar) अंकित है।
4. यह कि मेरा पुत्र सुभम कुमार (Subham Kumar) उर्फ शिवम कुमार (Shivam Kumar) दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपना पुत्र का आधार कार्ड सं0 7903 6711 5278 में नाम संशोधन एवं सत्यापन हेतु निष्पादित कर रही हूं।
6. यह कि कंडिका 01 से 05 की सारी बातें सत्य वो सही है गलत पाये जाने पर सारी जबावदेही मेरी होगी।

शपथ पत्र संख्या : 48
दिनांक 23/06/2026

## डोमचांच में गायत्री जयंती, गंगा दशहरा व युगऋषि महाप्रयाण दिवस पर हवन-यज्ञ एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** गायत्री जयंती, गंगा दशहरा एवं युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के अवसर पर गायत्री चेतना केंद्र, डोमचांच में श्रद्धांजलि एवं सामूहिक हवन-यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक घंटे के गायत्री महामंत्र जप से हुई, जिसके बाद वैदिक विधि-विधान से हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर शीला वर्णवाल एवं सुनीता वर्णवाल ने पर्वों के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कोडरमा विधायक नीरा यादव एवं नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण एवं गायत्री मंत्र अंकित दुपट्टा भेंट कर किया गया। विधायक नीरा यादव ने कहा कि किशोर-किशोरियों के लिए विशेष कार्यशालाएं समय की आवश्यकता हैं ताकि उन्हें सही दिशा मिल सके। नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा ने ध्यान, जप और साधना को मानसिक शांति एवं सकारात्मक जीवन का आधार बताया। हजारीबाग उपजोन समन्वयक लखन लाल प्रजापति ने युगऋषि के जीवन को लोकमंगल और तप का उदाहरण बताया।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों ने दिखायी प्रतिभा

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा 23 जून को जिले के क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में खेल प्रतियोगिताओं एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को ओलंपिक मूल्यों, खेल भावना, अनुशासन तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों को ओलंपिक आंदोलन के इतिहास, उसके आदर्शों तथा खेलों के सामाजिक महत्व की जानकारी दी गयी। इस दौरान खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से भी अवगत कराया गया। अवसर पर फुटबॉल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके खिलाड़ियों को भी उनके उल्लेखनीय योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों ने युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल जीवन में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास करता है।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**
**E-mail : eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**Very Short Tender Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - 04/CDO/Ranchi/SOR/2026-27(2nd Call) dated : 22.06.2026**

**PR No. : 381814 Drinking Water and Sanitation(26-27).D**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing / revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items / materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different civil construction / infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 24.06.2026 (10:30 hrs.) to 01.07.2026 (16:00 hrs.). The quotation will be opened on 02.07.2026 at 17.00 Hours.
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Executive Engineer**
**PR 383147 Drinking Water and Sanitation(26-27).D** **DW&S Division, Ranchi West, Ranchi**

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।**
**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0– 02/2026–27**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना वर्ष 2026–27 अंतर्गत सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) राज्यादेश सं0 15 रा0 (वि0) दिनांक 23.06.2026 हेतु राँची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को वितरण हेतु मैश फिश फीड (Factory Formulated Extruded Mash Fish Feed) का क्रय किया जाना है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द तकनीकी एवं वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि :– 25,000 (पच्चीस हजार रू0) का जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा ,राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.07.2026 को 02:30 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खुलने का स्थान:– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2026 को 04:20 बजे अपराहन।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखी / प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
राँची।

PR 383097 Fish(26-27)D

बीआर इंटरनेशनल स्कूल ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न पंचायतों में चलाया जागरूकता अभियान

# समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम अत्यन्त आवश्यक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बी आर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह, कोडरमा द्वारा विभिन्न पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक ओपी राय, प्रशासक सुनील कुमार, शिक्षक विकास कुमार तथा शिक्षिकाएं लक्ष्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमारी एवं रिया बॉस सहित विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया और लोगों को अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के



लिए प्रेरित किया। यह जागरूकता कार्यक्रम पूरनानगर पंचायत के लोचनपुर गांव, छतरबर पंचायत तथा करमा पंचायत के झंडा चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरनानगर पंचायत की मुखिया अनिता देवी, छतरबर पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि गुलाम मुस्तफा तथा करमा पंचायत झंडा चौक में मुखिया मोनी देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम



**झुमरी तिलैया :** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'RESIST' ( Reducing Substance Ingestion and Stopping Trafficking) एवं 'नशे को ना, जिंदगी को हां' राज्यव्यापी अभियान के अंतर्गत बुधवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में नशा उन्मूलन पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य स्कूली बच्चों और युवाओं को अफीम, ब्राउन शुगर, हेरोइन व गांजा जैसे मादक पदार्थों के घातक परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें नशे की गिरफ्त से बचाना था। विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से 'नशा विनाश का द्वार है' का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने 'जिंदगी से नाता जोड़ो, नशे को जड़ से छोड़ो' जैसे प्रेरक नारे लिखकर सभी का ध्यान खींचा। प्रधानाचार्य जी सी वर्मा ने छात्रों को आगाह करते हुए कहा, 'नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार और समाज को तोड़ देता है। यह हमारे सपनों और भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। विकसित झारखंड का सपना तभी पूरा होगा जब हमारी युवा पीढ़ी नशे से कोसों दूर रहेगी।'

## एक झलक

### खुर्माबाद में अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

**सीवान** : स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) एवं जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियार और कारतूस तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 30 जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 23 जून की रात एसटीएफ टीम एवं जिला आसूचना इकाई को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खुमार्बाद गांव में कुछ लोग अवैध हथियार एवं कारतूस की खरीद-बिक्री में संलिप्त हैं। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई और मुफ्फसिल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल छापेमारी की। छापेमारी के दौरान खुमार्बाद निवासी अनुराग कुमार के घर की तलाशी ली गई।

### दो ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर

**भागलपुर** : भागलपुर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक कचहरी चौक के समीप बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहाँ दो ई-रिक्शा के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। बताया जा रहा है कि एक ई-रिक्शा तिलकामांझी की तरफ से तेज गति में आ रहा था। कचहरी चौक के पास पहुंचते ही अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने के कारण चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और ई-रिक्शा सीधे सामने से आ रहे दूसरे ई-रिक्शा में जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ई-रिक्शा के सड़क पर ही पलट गए। हादसा होते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। स्थानीय लोगों की तत्परता से ई-रिक्शा के नीचे दबे और घायल यात्रियों को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है, जहां कुछ यात्रियों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### पिकअप व ऑटो की भीषण टक्कर में चार की घटनास्थल पर मौत

**बेतिया** : पूर्वी और पश्चिम चंपारण का बोर्डर इलाका छपवा-बेतिया मुख्य मार्ग पर सगौली थाना क्षेत्र के नयका टोला गांव के समीप बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।बताया गया है कि सवारियों से भरी एक टेंपो मोतिहारी से बेतिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान नयका टोला गांव के समीप सामने से आ रही एक असंतुलित पिकअप वैन ने टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क पर ही पलट गए।

### एसएसबी अधिकारियों ने नेपाल के एपीएफ के साथ सीमा समन्वय को लेकर की बैठक

**अररिया** : एसएसबी 56 वीं बटालियन की जी-समवाय बेला के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सीमा स्तंभ संख्या-198/02 के समीप नेपाल के सुनसरी जिला के एपीएफ के कमांडेंट स्तरीय समकक्ष सीमा समन्वय बैठक बुधवार को हुई।बैठक उपरांत दोनों देशों के सीमा सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा खुले बॉर्डर पर संयुक्त गश्ती की गई। बैठक में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भारत की ओर से बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर नितीन कुमार गुप्ता, उप कमांडेंट मदन मोहन भट्ट,निरीक्षक (सामान्य) रंजीत मोहंता एवं अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। वहीं नेपाल की ओर से एपीएफ चतुर्थ वाहिनी के एसपी गणपति श्याम प्रसाद कार्की, डीएसपी शमशेर कार्की, निरीक्षक नरेंद्र चंद और एपीएफ के अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए आज भी सजगता जरूरी : अश्विनी चौबे

एजेंसी

**पटना** : बिहार आंदोलन और आपातकाल का इतिहास केवल अतीत की घटना नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा, जनभागीदारी और सत्ता पर लोकतांत्रिक नियंत्रण का सतत संदेश है। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और वरिष्ठ स्तंभकार एवं बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. हरेन्द्र प्रताप ने हिन्दुस्थान समाचार समूह की ओर से आयोजित इमरजेंसी के 50 साल : बिहार आंदोलन और आपातकाल विषयक कार्यक्रम में कही। पटना के मीठापुर इंस्टीट्यूशनल एरिया में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में दोनों वक्ताओं ने बिहार आंदोलन की पृष्ठभूमि, आपातकाल विरोधी संघर्ष तथा वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों



के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तार से अपने विचार रखे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बिहार आंदोलन अचानक पैदा नहीं हुआ था, बल्कि इसकी नींव 1973 के पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव और उससे पहले चल रहे छात्र आंदोलनों में पड़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1965-66 से ही कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ असंतोष बढ़ने लगा था और मुजफ्फरपुर छात्र आंदोलन जैसी घटनाओं ने जनता के आक्रोश को और अधिक मुखर बनाया। उन्होंने बताया कि उस दौर में छात्र नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं के बीच लगातार बैठकों का दौर चलता था। रामबहादुर राय, सुशील कुमार मोदी, रविशंकर प्रसाद तथा अन्य छात्र नेताओं ने भ्रष्टाचार, कुशासन और जनसमस्याओं के खिलाफ व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार की। यह आंदोलन धीरे-धीरे छात्र असंतोष की सीमाओं को पार कर सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के अभियान में बदल गया। चौबे ने कहा कि छात्रों के लगातार आग्रह और जनभावनाओं को देखते हुए लोकनायक जयप्रकाश नारायण आंदोलन से जुड़े। पटना विश्वविद्यालय में आयोजित ऐतिहासिक सभा में हजारों छात्रों और युवाओं ने संघर्ष, जेल जाने और आवश्यकता पड़ने पर बलिदान देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि 18 मार्च 1974 को बिहार विधानसभा के घेराव का कार्यक्रम आंदोलन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। इसी घटना के बाद छात्र आंदोलन एक व्यापक जनांदोलन में परिवर्तित हो गया और पूरे देश में लोकतांत्रिक परिवर्तन की मांग को नई ऊर्जा मिली। उन्होंने कहा कि बिहार आंदोलन ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संगठित किया तथा आगे चलकर यही आंदोलन आपातकाल विरोधी संघर्ष की मजबूत आधारशिला बना। वरिष्ठ स्तंभकार एवं पूर्व एमएलसी डॉ. हरेन्द्र प्रताप ने इस मौके पर कहा कि बिहार आंदोलन लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा का जनसंघर्ष था। इस आंदोलन ने भारतीय राजनीति को यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पर जननियंत्रण और नैतिक जवाबदेही अनिवार्य है।

## किशनगंज में 4.70 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**किशनगंज** : जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किशनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कोचाधामन थाना क्षेत्र से 2.357 किलोग्राम स्मैक/हेरोइन जैसी प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 4 करोड़ 70 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक किआ सोनेट कार तथा दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्करों का एक गिरोह पश्चिम बंगाल से बड़ी खेप लेकर कोचाधामन क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 खुसरू सिराज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में जिला आसूचना इकाई, एएनटीएफ, कोचाधामन थाना एवं धनपुरा पिकेट के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। रहमतपाड़ा के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान एक किआ सोनेट कार पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगी। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर कार के बोनट के अंदर विशेष रूप से बनाए गए गुप्त बॉक्स से 2.357 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मधेपुरा निवासी रजनीश कुमार और सुशांत कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे संगठित सिंडिकेट के माध्यम से मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री और तस्करी करते हैं। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क में पश्चिम बंगाल के मालदा और मधेपुरा के कई तस्कर शामिल हैं।

### हजारीबाग में मुहर्रम पर निर्बाध बिजली के लिए महा-प्लान

# छुट्टी पर रोक, 24 घंटे अलर्ट पर रहेंगे अधिकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : मुहर्रम पर्व के मद्देनजर पूरे हजारीबाग जिले में सुरक्षित, शांतिपूर्ण और बिना रुकावट (निर्बाध) बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली विभाग ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उपायुक्त (उ्ळ) हजारीबाग के निदेर्शों का अनुपालन करते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल के कार्यपालक विद्युत अभियंता सुब्रोत बनर्जी ने एक हाई-लेवल मुस्तैदी प्लान जारी किया है। इस विशेष योजना के तहत पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखी जाएगी, ताकि त्योहार के दौरान आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस महा-प्लान के तहत त्योहार के दौरान फील्ड में कर्मचारियों की पर्याप्त मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालक अभियंता सुब्रोत बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाया है। आदेश के अनुसार, दिनांक 25.06.2026 से



27.06.2026 तक प्रमण्डल के सभी पदाधिकारियों और विद्युत कर्मियों के अवकाश (छुट्टी) पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। विशेष और बेहद अपरिहार्य परिस्थितियों में अगर किसी को छुट्टी की अत्यंत आवश्यकता होती है, तो उन्हें कार्यपालक अभियंता से लिखित आदेश लेना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय या कार्यक्षेत्र छोड़ने वाले कर्मियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान किसी भी आकस्मिक बिजली संकट, फॉल्ट या आपातकालीन स्थिति से तुरंत निपटने के लिए नवाबगंज रोड, हजारीबाग में एक विशेष 'कंपोजिट कंट्रोल रूम' स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कनीय विद्युत अभियंताओं (खए) की राउंड-द-क्लॉक (24 घंटे) ड्यूटी लगाई गई है, जो तीन अलग-अलग शिफ्टों में तैनात रहेंगे। सुबह 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक की पहली शिफ्ट में जेई कृष्णा मुंडा (7350022929), मनोज कुमार रजक और सूरज कुमार तैनात रहेंगे। इसके बाद दोपहर 02:00 बजे से रात 10:00 बजे तक की दूसरी शिफ्ट में जेई श्री अवतेश कुमार (9431135733), प्रदीप कुमार और शिबू कुमार कमान संभालेंगे। वहीं, रात 10:00 बजे से अगली सुबह 06:00 बजे तक की तीसरी शिफ्ट में जेई प्रदीप प्रजापति (9262353907), राजेश प्रसाद और श्री विकास कुमार मुस्तैद रहेंगे। दिनांक 26 और 27 जून को भी इन्हीं अधिकारियों और कर्मचारियों की रोटेशन के अनुसार अलग-अलग शिफ्टों में 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। कंट्रोल रूम की मुस्तैदी के साथ-साथ फील्ड में तैनात सभी सहायक विद्युत अभियंताओं (अए) और कनीय विद्युत अभियंताओं के लिए भी कार्यपालक अभियंता ने सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। इस पूरे महा-प्लान में समन्वय और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए सहायक विद्युत अभियंता (शहरी) श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (9431135216) को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है, जिनके नेतृत्व में सहायक विद्युत अभियंता (सदर) और अन्य अधिकारी लगातार आपसी संपर्क में रहेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों को अपना मोबाइल फोन 24 घंटे चालू रखने का कड़ा निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी शिकायत या फॉल्ट की सूचना मिलते ही तुरंत त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## दंगा सहित विभिन्न मामलों के 28 अपराधी गिरफ्तार




एजेंसी

**नवादा** : जिले में पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को दंगा सहित विभिन्न मामलों के 28 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है । सभी को जेल भेज दिए गए है।

नवादा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव धीमान ने बताया कि गंभीर प्रकृति के अपराध जैसे हत्या, लूट, बलात्कार तथा दंगा में शामिल लंबे समय से फरार 28 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति बहाली के लिए पुलिस ने एक व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों ने अपना जुर्म भी कबूल किया है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर कई रहस्यमई कांडो से भी पर्दा उठा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपने दायित्वों के तहत सभी थानाध्यक्षों को अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए गई है। इस पर खरा नहीं उतरने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

## आजादी उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

एजेंसी

**भागलपुर** : सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था जनप्रिय भागलपुर के परबत्ती स्थित कार्यालय में आगामी आजादी उत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संजय कुमार ने की, जबकि संचालन सचिव गौतम कुमार द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव गौतम कुमार ने बताया कि आजादी उत्सव का आयोजन पिछले कई वर्षों से भागलपुर के विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी आगामी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस दौरान 9 अगस्त को शहीद सम्मान यात्रा, 11 अगस्त को क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता, 13 अगस्त को संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण, 14 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम और 15 अगस्त को झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि 'आजादी उत्सव' युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय मूल्यों को सींचने का जीवंत माध्यम है, न कि केवल वार्षिक औपचारिकता। उन्होंने स्थानीय 'मंजूषा कला' को उत्सव से जोड़ने और बच्चों की भागीदारी को देश की जड़ों के प्रति गर्व जगाने के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## मोहर्रम जुलूस को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा** : मोहर्रम जुलूस पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराने को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक मनीष चंद्र लाल ने की संचालन थानेदार गौतम कुमार रजवार ने की। बैठक में संबोधन करते हुए डीएसपी ने कहा कि मोहर्रम आपसी प्रेम,भाईचारगी और सौहार्द का त्योहार है सभी मिल जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाओं पर ध्यान न दें। साथ ही कहा कि इस मुहर्रम जुलूस पर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी नजर रहेगी।थानेदार गौतम कुमार रजवार ने भी कहा कि लोगों से प्रशासन का सहयोग करने एवं क्षेत्र में अमन - चैन बनाए रखने की अपील की साथ की कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाओं की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दें। इस बैठक में जनप्रतिनिधि,राजनीतिक और सामाजिक व्यक्ति शामिल हुए प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव,सुनील महतो, डॉ रीझू नायक,रामपोदो महतो, जगेश्वर महतो,मदारी चौधरी,,बीरेंद्र सिंह भोगता,अब्दुल इमाम अंसारी,गुड्डू अंसारी,मुमताज खान, आलम अंसारी ,राजेंद्र महतो,पुशनाथ मुंडा,जय शंकर मुंडा,शिबू मुंडा,अजीज अंसारी,शाहनवाज खान,सलीम अंसारी सहित थाना के अधिकारी भी मौजूद थे

## सारण-सिवान के कई प्रभावशाली नेता भाजपा में हुए शामिल

एजेंसी

**पटना** : बिहार की राजधानी पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित मिलन समारोह में सारण और सिवान की राजनीति से जुड़े कई प्रभावशाली नेताओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने दावा किया कि इन नए साथियों के जुड़ने से दोनों जिलों में संगठन को नई शक्ति मिलेगी और पार्टी का जनाधार और मजबूत होगा। समारोह में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेत्री लीलावती गिरी, लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, छात्र लोजपा (पारस) के नेता राहुल यादव सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। नवागंतुकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी के साथ जुड़ने की घोषणा की। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा आज देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन, गरीब कल्याण तथा राष्ट्रीय गौरव के नए मानक स्थापित कर रहा है।

## निर्मली अंचल कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



एजेंसी

**सुपौल** : जिलाधिकारी सुपौल सावन कुमार ने बुधवार पूर्वाह्न 10:30 बजे निर्मली अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न राजस्व एवं जनहित से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राजस्व महा-अभियान, सहयोग शिविर, परिमार्जन, दाखिल-खारिज तथा भूमि मापी से संबंधित मामलों की प्रगति का आकलन किया। समीक्षा के दौरान विभिन्न लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी लंबित मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों से जुड़े राजस्व मामलों के निपटारे में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। औचक निरीक्षण के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों की निगरानी और जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आम नागरिकों को समय पर लाभ मिल सके।

## सम्राट चौधरी ने दी पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

एजेंसी

**पटना** : पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बांका के पूर्व सांसद दिग्विजय सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को जमुई जिले के नयागांव स्थित नागी-नकटी-कटहरा नदी तट पर बने उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और विकास कार्यों को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने दिग्विजय सिंह के राजनीतिक योगदान, सामाजिक सरोकारों तथा



क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी और विकास को केंद्र में रखकर कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित आदर्श आज भी जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर स्वर्गीय दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद पुतुल कुमारी तथा उनकी सुपुत्री एवं बिहार सरकार में उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह भी मौजूद रहीं। दोनों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिग्विजय सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इनमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, जमुई के सांसद अरुण भारती, पूर्व मंत्री सुमित कुमार सिंह सहित अनेक विधायक, विधान पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी दिग्विजय सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा और सम्मान से ओत-प्रोत रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन में विकास, सामाजिक समरसता और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी।

# आनन्द साईं दरबार का 16वां स्थापना दिवस समारोह भव्य पालकी यात्रा के साथ हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रजरप्पा (रामगढ़)** : राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 16वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को भव्य पालकी यात्रा के साथ आरंभ हुआ। 4:00 बजे शुरू हुई पालकी यात्रा में हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए और साईनाथ के भजन गाते रहे। आनंद साईं दरबार परिसर से हजारों साई भक्तों के साथ आरंभ हुई पालकी यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। पालकी यात्रा आनंद साईं दरबार से आरंभ होकर चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चैक, मेन रोड, थाना चैक होते हुए वापस आनंद साईं दरबार पहुंचकर संपन्न हुई।

**पालकी यात्रा का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत**

साईं बाबा की पालकी यात्रा के नगर भ्रमण के क्रम में विभिन्न संगठनों द्वारा पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पालकी यात्रा के गुरूद्वारा साहिब के निकट पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से साईं भक्तों का स्वागत किया गया।

**पालकी यात्रा में साईं बाबा का वेष धारण किये विमल शर्मा लोगों के बीच आकर्षण कर रहे केन्द्र**

साईं बाबा की पालकी यात्रा के क्रम में पूर्व विधायक यमुना शर्मा के पुत्र विमल शर्मा साईं बाबा का वेष धारण कर साथ चल रहे थे।



अपने इस वेष में वे साईं भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

**राजू हलचल की टीम के साईं कथा पर आधारित प्रदर्शन से लोग हुए अचंभित**

साईं बाबा की पालकी यात्रा के दौरान राजू हलचल की टीम द्वारा एक सुसज्जित वाहन पर साईं बाबा पर आधारित कथा श्रद्धालुओं के बीच प्रस्तुत की जा रही थी। जिसकी श्रद्धालुओं ने भरपूर सराहना की।

**पालकी यात्रा में शामिल बैंड पार्टी ने साईं भजनों के धून से लोगों को किया मंत्रमुग्ध**

साईं बाबा की पालकी यात्रा में शामिल बैंड पार्टी की टीम ने साईं भजनों की धून के माध्यम से साईं भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बैंड पार्टी के इस प्रदर्शन की साईं भक्त प्रशंसा करते दिखे।

पालकी यात्रा में रामगढ़ विधायक ममता देवी, मंदिर समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, बलजीत सिंह बेदी, मनोज कुमार मंडल, सीपी संतन, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, अजीत जायसवाल, रंजन फौजी, मिथलेश सिंह, सचिन चंद्रवंशी, रोहित गुप्ता, सुधाशु राय, संतोष सिंह, आनंद प्रताप सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, मुन्ना सिन्हा, राजेश प्रसाद, टिकेश्वर प्रसाद, विनोद साहू, अजीत सोनी, दीपक साव, बसंत कुशवाहा, अनिल साव, अजीत जायसवाल, सोनी कुमारी, गौतम कुमार, उमेश कुमार, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, रामप्रवेश साव, विक्की सिन्हा, संजय कोयला, माजन ठाकुर, नगेंद्र मुंडा, शिव शंकर साहू, नीरज पाठक, रोहित कुमार गुप्ता, पंकज ठाकुर, श्रीकांत, उमेश साव, रवि साव, रामगुलाम मंडल, मुन्ना साव, मनीष साव, सरेंद्र प्रजापति, बबलू कुमार, मनोज कुमार केवट, पवन साह, हरेंद्र साह, अजीत सोनी, पुजारी राजेश कुमार पांडे , विनोद जायसवाल, नवनीत कुमार, सलमान कादिर, मनीष कुमार गुप्ता, मुन्ना साव, रवि साह, सुमित कुमार मुन्ना सिन्हा गया प्रसाद सहित हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए।

**आज होगा पूजन और हवन**

आनंद साईं दरबार के 16वें स्थापना दिवस समारोह के तहत गुरूवार को दूसरे दिन मंदिर परिसर में पूजन और हवन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पुजारी राजेश कुमार पांडे की देखरेख में संपन्न होगा। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**26 को होगा अटूट भंडारे का आयोजन**

आनंद साईं दरबार के 16वें स्थापना दिवस समारोह के तहत 26 जून को पूजन के उपरांत मंदिर परिसर में 12:30 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# विम्बलडन 2026 के ऐतिहासिक आगाज के लिए तैयार सिनर और स्वियातेक



**एजेंसी**

**जिनेवा :** विश्व के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट विंबलडन 2026 का आगाज इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनेगा। गत पुरुष एकल चैंपियन यानिक सिनर 29 जून को सेंटर कोर्ट पर पहला मुकाबला खेलेंगे और ऐसा करने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन जाएंगे। पिछले वर्ष पुरुष एकल खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सिनर के लिए यह उपलब्धि बेहद खास है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सेंटर कोर्ट पर पहला मुकाबला खेलना उनके लिए रोमांचकारी क्षण होगा। उनके अनुसार विंबलडन का वातावरण दुनिया के किसी भी अन्य टेनिस कोर्ट से अलग है और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में वही सेंटर कोर्ट पर उतरेंगे। महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा स्वियातेक दूसरे दिन सेंटर कोर्ट पर अभियान की शुरूआत करेंगी। पिछले वर्ष खिताब जीतकर वे विंबलडन महिला एकल चैंपियन बनने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी बनी थीं। स्वियातेक ने कहा कि विंबलडन ट्रॉफी जीतना उनके लिए शब्दों से परे अनुभव था। उन्होंने बताया कि घास के कोर्ट पर अपने खेल को ढालने के लिए उन्होंने लंबे समय तक मेहनत की और आक्रामक खेल शैली अपनाने पर विशेष ध्यान दिया। उनके अनुसार विंबलडन के समृद्ध इतिहास का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है। विंबलडन के इतिहास में कई महान खिलाड़ियों ने अपनी छाप छोड़ी है। ब्योर्न बोर्ग, क्रिस एवर्ट, स्टेफन एडबर्ग, पैट राफ्टर और रोजर फेडरर जैसे दिग्गजों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए टेनिस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। पांच बार लगातार विंबलडन चैंपियन रहे ब्योर्न बोर्ग ने अपने पहले खिताब की याद ताजा करते हुए कहा कि ग्रस कोर्ट पर सफल होने के लिए उन्हें अपने खेल में बदलाव करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि सही लय और रणनीति मिलने के बाद ही वे इस सतह पर सहज महसूस करने लगे और यही उनकी सफलता का आधार बना। इस बार भी कई युवा सितारे पहली बार विंबलडन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। महिला वर्ग में हाल ही में फ्रेंच ओपन जीतने वाली मीरा आंद्रेएवा, बेलिंडा बेनचिच, कोको गॉफ, मारिया सक्कारी और किनवेन झेंग प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप

# वंशिका और शिवा ने जीता रजत, भारत शीर्ष पर बरकरार



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। भारत की वंशिका चौधरी और शिवा नरवाल की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश की झोली में एक और पदक डाल दिया। भारतीय जोड़ी ने पूरे मुकाबले के दौरान संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और अंततः रजत पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ भारत ने प्रतियोगिता में एक और महत्वपूर्ण पदक जोड़ लिया। इस पदक के बाद आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारत की कुल पदक संख्या 16 हो गई है। भारतीय दल के खाते में अब 5 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक हैं। व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित टीम स्पधाओं में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारतीय दल पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय निशानेबाजों की निरंतर सफलता ने एक बार फिर विश्व मंच पर देश की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। राष्ट्रीय राइफल संघ ने भारतीय खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा निशानेबाजों का यह प्रदर्शन भविष्य के लिए उत्साहजनक संकेत है और भारतीय निशानेबाजी की मजबूत प्रतिभा को दर्शाता है।

## एक झलक

### सभी छह विश्वकप में गोल दागनेवाले एकमात्र खिलाड़ी बने रोनाल्डो



**ह्यूस्टन :** पुर्तगाल के कप्तान और स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। 41 साल के रोनाल्डो ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में गोल दागते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब रोनाल्डो सभी छह विश्वकप में गोल दागने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गये हैं। पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत हासिल की। ह्यूस्टन में खेले गये इस मैच में रोनाल्डो ने खेल के छठे मिनट में ही गोल दागकर सभी छह विश्कवप में गोल का रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद, उन्होंने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल भी किया, जिससे टीम की जीत तय हो गयी। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। रोनाल्डो ने पहला विश्व कप साल 2006 में खेला था। जहाँ उन्होंने अपना पहला विश्व कप गोल दागा था। तब से लेकर, उन्होंने 2010, 2014, 2018, 2022 और अब 2026 विश्व कप में गोल कर, लगातार छह संस्करणों में स्कोर करने का यह अनोखा रिकार्ड स्थापित किया है। इस उपलब्धि के साथ, उन्होंने फुटबॉल इतिहास में अपना नाम और भी सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। उज्बेकिस्तान के खिलाफ यह गोल दागने के बाद, रोनाल्डो विश्व कप इतिहास में गोल करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए हैं। इस सूची में उनसे आगे केवल कैमरून के दिग्गज खिलाड़ी रोजर मिला हैं, जिन्होंने 1994 विश्व कप में 42 वर्ष की उम्र में यह कमाल किया था।

फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026

# क्रोएशिया ने पनामा को हराया

## नॉकआउट की उम्मीदें कायम, पनामा बाहर; घाना-इंग्लैंड मैच गोलरहित ड्रॉ



**एजेंसी**

**टोरंटो :** एंटे बुदिमिर के गोल के दम पर क्रोएशिया ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में बुधवार को पनामा को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ क्रोएशिया ने नॉकआउट दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं हैं। जबकि पनामा टूनामेंट से बाहर हो गया। टोरंटो स्टेडियम में ग्रुप-एल के इस मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हालांकि, कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। पनामा की डिफेंस लाइन ने क्रोएशिया के हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। फिर दूसरे हाफ में क्रोएशिया के एंटे बुदिमिर मैदान पर उतरने के चार मिनट बाद ही गोल करने में सफल रहे। उन्होंने 54वें मिनट में जोसिप स्तानिशिच के सटीक क्रॉस पर आसान गोल दागा। इस गोल ने क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। जोकि आखिरी तक कायम रही।

**मोड्रिच ने 200वां इंटरनेशनल मैच खेला**

**40 साल** के लुका मोड्रिच ने करियर का 200वां इंटरनेशनल मैच खेला। उन्होंने 57वें मिनट में मार्को पालिच के लिए शानदार मौका बनाया, लेकिन पनामा के गोलकीपर ऑरलैंडो मॉस्केरा ने बेहतरीन बचाव किया।

**गोलकीपर लिवाकोविच ने 03 अटैक रोके**

**मैच** के 67वें मिनट में पनामा ने बराबरी के लिए लगातार तीन प्रयास किए, लेकिन गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने शानदार बचाव करते हुए सभी मौके विफल कर दिए।

**मैच 45 : इंग्लैंड Vs घाना, स्कोरलाइन 0-0**

**घाना के गोलकीपर असारे का कमाल; इंग्लैंड के 19 अटैक रोके**

**बूस्टन** स्टेडियम में ग्रुप-एल के एक अन्य मैच में इंग्लैंड और घाना ने गोलरहित ड्रॉ खेला गया। इंग्लैंड ने पूरे मैच में 19 शॉट लगाए, जबकि घाना सिर्फ एक शॉट ही लगा सका। घाना ने अहम एक अंक हासिल कर लिया। 86वें मिनट में निको ओ'राइली का हेडर क्रॉसबार से टकराया। हैरी केन के पास रिबाउंड पर गोल करने का मौका था, लेकिन उनका प्रयास लक्ष्य से ऊपर निकल गया। घाना के लिए सबसे अच्छा अवसर 78वें मिनट में बना, जब अब्दुल फतावू ने शानदार रन लगाकर प्रिंस अडू को पास दिया। हालांकि इंग्लैंड के डिफेंडर एजरी कोन्सा ने समय रहते हस्तक्षेप कर खतरा टाल दिया। घाना ने इस मौके पर पेनल्टी की मांग की, लेकिन रेफरी ने इसे नकार दिया। घाना के कोच कार्लोस क्वेइरोज ने मैच के बाद कहा कि उनकी टीम की योजना इंग्लैंड को शुरूआत से ही रोकने और निराश करने की थी, जिसमें वे सफल रहे।

**इंग्लैंड टॉप पर आया, पनामा बाहर**

**ग्रुप** एल में अब इंग्लैंड और घाना 4-4 अंकों के साथ टॉप-2 पर हैं, जबकि क्रोएशिया के 3 अंक हैं। आखिरी ग्रुप मैच में क्रोएशिया का मैच घाना से होगा। पनामा की टीम लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप में बिना कोई अंक हासिल किए बाहर हो गयी।

# न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर बॉब ब्लेयर का 94 वर्ष की उम्र में निधन



**एजेंसी**

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज बॉब ब्लेयर का बुधवार को उनके 94वें जन्मदिन पर इंग्लैंड में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने उनके निधन की पुष्टि की है। बॉब ब्लेयर ने 1953 से 1964 के बीच न्यूजीलैंड के लिए 19 टेस्ट मैच खेले और 35.23 की औसत से 43 विकेट हासिल किए। हालांकि क्रिकेट इतिहास में उन्हें उनके आंकड़ों से ज्यादा उनकी अद्भुत साहसिक कहानी के लिए याद किया जाता है।

**टांगीवाई रेल दुर्घटना के बाद दिखायी थी अदम्य हिम्मत**

**साल** 1953 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग स्थित एलिस पार्क मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच के दौरान ब्लेयर को अपने जीवन का सबसे बड़ा दुख झेलना पड़ा। मैच के दूसरे दिन की सुबह उन्हें पता चला कि उनकी मंगेतर नेरिसा लव क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हुई भीषण टांगीवाई रेल दुर्घटना में मारे गए 151 लोगों में शामिल थीं। इस दुखद समाचार के बाद ब्लेयर होटल में ही रुक गए थे, लेकिन बाद में उन्होंने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए मैदान पर वापसी की। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान नौवां विकेट गिरने के बाद वह बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरे और घायल बल्लेबाज बर्ट सटक्लिफ का साथ दिया। दोनों ने अंतिम विकेट के लिए 33 रन जोड़े। ब्लेयर ने छह रन बनाए, लेकिन उनकी यह पारी क्रिकेट इतिहास की सबसे प्रेरणादायक घटनाओं में गिनी जाती है।

**टांगीवाई शील्ड से जीवित है उनकी विरासत**

**साल** 2024 से न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जाने वाली टेस्ट श्रृंखला टांगीवाई शील्ड के लिए आयोजित की जाती है, जो 1953 की उस त्रासदी और ब्लेयर के साहस को समर्पित है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्राहम पार्क्स ने कहा, बॉब ब्लेयर और टांगीवाई रेल दुर्घटना की कहानी ने न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका दोनों देशों के क्रिकेट इतिहास पर अमिट छाप छोड़ी है।



ब्रिटेन में इस्टबोर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलती हुई इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी जैसमीन पओलिनी।

### मेजर लीग से बाहर हुए दक्षिण अफ्रीका के नान्द्रे बर्गर

**टेक्सास :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नान्द्रे बर्गर पीठ में खिंचाव के कारण अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2026 सत्र से बाहर हो गये हैं। टीम ने अपने एक बयान में कहा है कि टेक्सास सुपर किंग्स में शामिल रहे बर्गर को फिटनेस हासिल करने के लिए अभी काफी समय आराम करना पड़ेगा। जिससे देखते हुए वह टीम से हट गये हैं। 30 साल के बर्गर ने सुपर किंग्स के लिए दो बार खेला है। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआत मैच में सिएटल ओकरस के खिलाफ अपने कोटे के पूरे ओवर किये और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ भी दो ओवर किये थे जिसमें उन्होंने फिन एलन का विकेट लिया।

# विभावि के पूर्ववर्ती छात्र ने तीरंदाजी में हजारीबाग को दिलाया गौरव

## पूर्व संकायध्यक्ष डॉ. कमला प्रसाद ने हजारीबाग लौटने पर दल का किया स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** 16 से 22 जून 2026 तक आयोजित 4th RJK गोल्ड मेडल ओपन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप 2026 गोविंदपुरी, हरिद्वार (उत्तराखंड) में बड़कागांव हजारीबाग तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक जीते है। यह जानकारी देते हुए केंद्र के निदेशक सह प्रशिक्षक और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र दुर्गेश कुमार ने बताया कि इसमें अंडर -10 से सीनियर तक के तीरंदाज शामिल हुए। अपने पूर्व छात्र की बड़ी उपलब्धि से प्रसन्न होकर भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष तथा समाज विज्ञान के पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ कमला प्रसाद ने हजारीबाग लौटने पर दल का स्वागत किया डॉ कमला प्रसाद ने आगे बताया कि बालक वर्ग में अंडर -10 इण्डियन राउंड रैंकिंग राउंड में शिवम रंजन ने एक कास्य पदक और ओलंपिक राउंड में प्रशांत कुमार ने एक कास्य पदक जीता। अंडर -13 इण्डियन राउंड में अभिषेक कुमार ने एक स्वर्ण पदक एवं पियूष कुमार ने एक रजत पदक तथा सुजीत कुमार ने एक कांस्य पदक जीत। इसी प्रकार ओलंपिक राउंड में सौरव कुमार ने एक स्वर्ण पदक एवं सुजीत कुमार ने एक कांस्य पदक जीत। अंडर 15 इंडियन राउंड में एवं ओलंपिक राउंड में पीयूष कुमार ने एक-एक कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार सीनियर बालक वर्ग इंडियन राउंड एवं ओलंपिक राउंड में पीयूष कुमार ने एक-एक रजत पदक जीत लिया। साथ ही बड़कागांव तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने सीनियर इंडियन राउंड रैंकिंग में एवं ओलंपिक राउंड में एक-एक कांस्य पदक जीता।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल दूसरे स्थान पर



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने आईसीसी की ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली है। दोनों के 870-870 रेटिंग अंक हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन का गिल को बड़ा फायदा मिला। उन्होंने पहले दो मुकाबलों में 84 और 154 रन की शानदार पारियां खेलीं, जबकि तीसरे मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था। ताजा रैंकिंग में गिल अब शीर्ष पर मौजूद न्यूजीलैंड के डैरिल मिचेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अफगानिस्तान श्रृंखला नहीं खेल सके, जिसके चलते वह एक स्थान नीचे खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बरकरार हैं। इसके अलावा श्रेयस अय्यर एक स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि केएल राहुल दो स्थान फिसलकर 11वें स्थान पर आ गए हैं। ईशान किशन ने 21 स्थान की बड़ी छलांग लगाते हुए 43वां स्थान हासिल किया है। गेंदबाजों की रैंकिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। अर्शदीप सिंह 16 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें, प्रसिद्ध कृष्णा 34 स्थान की छलांग लगाकर 58वें और वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर पहुंचकर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उधर, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 11 विकेट लेकर इतिहास रच दिया। हेनरी ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली। आईसीसी के अनुसार, हेनरी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले केवल तीसरे न्यूजीलैंड खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले यह उपलब्धि जैक काउई (1947) और महान ऑलराउंडर रिचर्ड हैडली (1984-1990) ने हासिल की थी। न्यूजीलैंड के किसी तेज गेंदबाज ने 36 वर्षों बाद टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान जो रूट ने दो स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है।

# ब्रिटेन दौरे के लिए की 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक होने वाले ब्रिटेन दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। नए मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में टीम स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में कुल सात मुकाबले खेलेगी। यह दौरा आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विशेषकर जूनियर एशिया कप की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीम की कप्तानी खैदेम शिलेइमा चानू को सौंपी गई है। गोलकीपर के रूप में निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को टीम में शामिल किया गया है। दौरे की शुरूआत एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम लिलेशॉल राष्ट्रीय खेल केंद्र में अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों के खिलाफ मैच खेलेगी। मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट ने टीम चयन और दौरे के महत्व पर कहा, ब्रिटेन दौरा हमारी जूनियर टीम के विकास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### भारतीय जूनियर महिला टीम

**गोलकीपर :** निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज।
**डिफेंडर्स :** पूजा साहू, सुप्रिया, मधु, एफ. लालबी अक्सियामी, लालनेहपुई, पार्वती टोपनो।
**मिडफील्डर : खैदेम** शिलेइमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, सुप्रिया कुजूर, पूजा मलिक, बिनिमा धन, गीता यादव, रोशनी आइंद, तनुश्री दिनेश कडू।
**फॉरवर्ड : सुखवीर कौर,** शशि खासा, लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, काजल, सानिका चंद्रकांत माने, कृष्णा शर्मा।

# संत जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल में वृक्षारोपण छात्रों ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला ओलंपिक संघ द्वारा ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संत जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर में एक दर्जन फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य इंद्रनाथ सिन्हा एवं जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण और दैनिक जीवन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों ने विद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेजा इश्तियाक एवं कोषाध्यक्ष पवन कुमार बरनवाल ने प्राचार्य को पौधा युक्त गमला भेंट कर सम्मानित किया। साप्ताहिक पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत 25 जून को मोंटफोर्ट एकेडमी, राजगंज, डीएवी मॉडल स्कूल-सीएफआरआई तथा जेएनएमएस स्कूल, डिगवाडीह में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

महिला टी-20 विश्व कप

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी जीत, पाकिस्तान को 113 रन से रौंदा



**एजेंसी**

**लीड्स :** एलिस पेरी की शानदार अर्धशतकीय पारी और घातक गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार देर रात महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है, जबकि पाकिस्तान को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 13.4 ओवर में मात्र 86 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत झटके के साथ हुई जब बेथ मूनी बिना खाता खोले आउट हो गईं, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। पेरी ने 48 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक शॉट शामिल रहे। जॉर्जिया वोल ने 39 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से नशरा संधू और सादिया इकबाल ने दो-दो विकेट लिए, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बड़े स्कोर से नहीं रोक सकीं। 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। दूसरे ही ओवर में गुल फिरोजा रन आउट हो गईं। पाकिस्तान की पारी में कुल तीन बल्लेबाज रन आउट हुए, जिससे टीम कभी मुकाबले में लौट नहीं सकी। मुनीबा अली ने 32 रन और फातिमा सना ने 17 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके। एलिस पेरी ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल दिखाया और केवल एक ओवर में 9 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। सोफी मोलिन्यू ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने भी दो सफलताएं हासिल कीं। पाकिस्तान की टीम 86 रन पर ढेर हो गई और ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला 113 रन से जीत लिया। अब ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला भारत से होगा, जबकि पाकिस्तान अपनी पहली जीत की तलाश में नीदरलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगा।

फ्रीडम फाइटर
रांची, गुरुवार 25 जून 2026



## एक झलक

**यूरोप में भीषण गर्मी का प्रकोप**

### फ्रांस में 58 की मौत न्यूक्लियर प्लांट बन्द

**पेरिस** : पूरे यूरोप में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिसने कई देशों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। फ्रांस में गर्मी के कारण 58 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हीटवेव के चलते एक न्यूक्लियर पावर प्लांट को बंद किया गया है। यूरोप के कुल 26 देश इस प्रचंड गर्मी की चपेट में हैं, जिसमें इटली और ब्रिटेन जैसे 14 देशों में रेड अलर्ट जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस में हुई मौतों में से 40 लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में नहाने के दौरान डूब गए, जिनमें ज्यादातर युवा शामिल थे। वहीं, 2 बच्चों सहित 18 लोगों की मौत लू लगने के कारण हुई। भीषण गर्मी के चलते फ्रांस के गॉल्फेच न्यूक्लियर पावर प्लांट को सोमवार रात बंद करना पड़ा। इसका कारण प्लांट को ठंडा करने के लिए इस्तेमाल होने वाली गारोन नदी का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है, जिससे प्लांट के परिचालन में समस्या आ सकती है।

### ईरान के लिए 300 अरब डॉलर के निवेश कोष पर चर्चा

**तेहरान** : अमेरिका और ईरान के बीच जारी वार्ता के दौरान, ईरान के आर्थिक पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तावित 300 अरब डॉलर के निवेश कोष पर चर्चा तेज है। कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने संकेत दिया है कि खाड़ी देश ईरान के आर्थिक पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनका मानना है कि क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए ईरान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जरुरी है।
अपने बयान में शेख मोहम्मद ने कहा कि खाड़ी देश ईरान से जुड़े वित्तीय और निवेश तंत्र का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि सहयोग में ईरान में विभिन्न निवेश परियोजनाओं, वित्तीय सहायता तंत्रों में भागीदारी और क्षेत्रीय आर्थिक विकास से जुड़ी पहलों में सक्रिय योगदान शामिल हो सकता है।

### अवैध रूप से रह रहे 24 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**काठमांडू** : नेपाल की राजधानी काठमांडू के सितापाइला, डल्लु और आसपास के क्षेत्रों से पुलिस ने 24 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये नागरिक निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना नेपाल में रह रहे थे। जिला प्रहरी परिसर काठमांडू के एसपी एवं प्रवक्ता पवन कुमार भट्टराई के अनुसार गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास वैध पासपोर्ट नहीं थे, जबकि कुछ के पर्यटक वीजा की अवधि भी समाप्त हो चुकी थी। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि गिरफ्तार किए गए सभी बांग्लादेशी नागरिक स्थानीय कपड़ा कारखानों में काम कर रहे थे। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इन्हें रोजगार किस माध्यम से मिला और इनके दस्तावेज की जांच संबंधित संस्थानों ने की थी या नहीं।

### रूस के ऊर्जा व सैन्य ठिकानों पर यूक्रेन का बड़ा हमला

**कीव** : यूक्रेन ने रूस के भीतर गहराई तक पहुंचकर बड़े सैन्य और ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला करने का दावा किया है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, रातभर चले अभियान में एक प्रमुख प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण संयंत्र और दो महत्वपूर्ण सैटेलाइट संचार केंद्रों को निशाना बनाया गया। यूक्रेनी सेना के मुताबिक, हमले का मुख्य लक्ष्य रूस का ओरेनबर्ग गैस प्रोसेसिंग प्लांट था। यह दुनिया के बड़े गैस परिसरों में शामिल है और यहां रूस का एकमात्र हीलियम उत्पादन संयंत्र भी स्थित है। यूक्रेन का दावा है कि हमले के बाद परिसर में आग लग गई और ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचा। ओरेनबर्ग क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से करीब 1,200 किलोमीटर दूर स्थित है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि यहां उत्पादित हीलियम और एथेन का उपयोग रॉकेट इंजन, मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली, ठोस रॉकेट ईंधन और सैन्य उपकरणों के निर्माण में किया जाता है।

# भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के करीब, मुख्य पहलुओं की हुई समीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते के बेहद करीब हैं। अब बातचीत टैरिफ से मिलने वाले फायदे, मार्केट तक पहुंच और वॉशिंगटन के अस्थायी 10 फीसदी आयात शुल्क के लिए 24 जुलाई की डेडलाइन पर टिकी है। भारत और अमेरिका ने नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में हुई दो दिवसीय मंत्री स्तरीय बैठक में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के मुख्य मुद्दों की समीक्षा की। इन मुद्दों में बेहतर बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना शामिल है। यह बैठक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार



प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के बीच हुई। बातचीत का मुख्य फोकस एक अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के तरीकों पर था, जो एक व्यापक बीटीए की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

बैठक में दोनों पक्षों ने 24 फरवरी को अमेरिका द्वारा अपने सभी व्यापारिक साझेदारों पर लगाए गए 10 फीसदी के अस्थायी टैरिफ की समय-सीमा खत्म होने से पहले बातचीत को अंतिम रूप देने पर व्यापक विचार-विमर्श किया। ये टैरिफ 24 जुलाई को खत्म हो जाएंगे। इस समझौते के लिए रूपरेखा इस साल फरवरी में घोषित की गई थी।
केंद्रीय वाणिज्य एवं उदयोग मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक आज सुबह अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि एंबेसडर जेमिसन ग्रीर और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठकों का एक दौर पूरा हुआ। गोयल ने कहा कि हमने भारत-अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और अपनी आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैं एंबेसडर ग्रीर के नेतृत्व और दोनों टीमों के लगातार प्रयासों की सराहना करता हूं, जिन्होंने हमारी बातचीत को रचनात्मक और भविष्योन्मुखी ढंग से आगे बढ़ाया है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक अमेरिका और भारत एक ऐतिहासिक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता 140 करोड़ आबादी वाले भारतीय बाजार को पारस्परिक और दोनों पक्षों के लिए लाभकारी शर्तों पर अमेरिकी वस्तुओं के लिए खोलेगा।

### ट्रेड डील के विरोध में किसानों का विरोध प्रदर्शन

**चंडीगढ़** : भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में बुधवार को किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आया। किसान संगठनों ने पंजाब के 21 जिलों में बड़े स्तर पर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ रोष मार्च निकाले। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुतले भी फूंके। अमृतसर में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर की अगुवाई में सैकड़ों किसान भाजपा कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि इस समझौते को जुलाई के अंत तक लागू करने की तैयारी की जा रही है, लेकिन इस संबंध में किसानों, खेत मजदूरों और अन्य संबंधित वर्गों से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया।

# अरुणाचल प्रदेश में बाढ़, 05 लोग लापता

- भूस्खलन से पांच जिलों का सड़क सम्पर्क कटा
- निपको प्रोजेक्ट साइट पर बना हेलीपैड क्षतिग्रस्त



एजेंसी

**इटानगर** : अरुणाचल प्रदेश के केयी पान्योर ज़िले में पोसा में नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (निपको) प्रोजेक्ट के कॉलोनी के आस-पास के इलाकों में बीती रात से बुधवार सुबह तक लगातार हुई भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गयी। क्षेत्र को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।
अरुणाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बाढ़ के संबंध में दी गयी जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 3 बजे तक अचानक आई बाढ़ के चलते पांच लोग लापता हैं। निपको प्रोजेक्ट हेड के अनुसार पांच लोगों के लापता होने की सूचना है। इस बीच कुल 17 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को एम्बुलेंस से जीरो ले जाया गया है। पितापुल में सड़क बंद होने के कारण तीनों घायलों को एम्बुलेंस से आगे ले जाने से पहले, सड़क के बंद हिस्से को पैदल चलकर पार किया गया। कई जगहों पर जबरदस्त भूस्खलन के कारण केयी पैन्योर ज़िले के पोसा, होज और पोटिन इलाकों मे भूस्खलन के कारण लगभग पांच अन्य ज़िला भी पूरी तरह कट गए हैं।
सूत्रों के अनुसार, 23 और 24 जून की रात हुई लगातार बारिश से अचानक बाढ़ आ गई और यजाली सर्कल के तहत निपको प्रोजेक्ट कॉलोनी और उसके पास निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे कॉलोनी के लगभग 20 क्वार्टर क्षतिग्रस्त हो गए और एक निमार्णाधीन रिटेनिंग वॉल बह गई। चार पहिया वाहनों सहित कई वाहन भी इसकी चपेट में आ गए।
केयी पान्योर की जिला उपायुक्त श्वेता नागरकोटी मेहता के अनुसार, भूस्खलन के कारण प्रभावित यजाली और होज-पोटिन, दोनों तरफ से प्रभावित हुए हैं। सडके बंद होने के करण प्रभावित क्षेत्र में पहुंचना मुश्किल हो गया है। पोटिन और पोसा के बीच फंसा एक भू-वैज्ञानिक (जियोलॉजिस्ट) बचाव का इंतजार कर रहा है।
ज़िला प्रशासन ने बताया कि शुरू में एक महिला के लापता होने की खबर थी, लेकिन ताजा रिपोर्टों से पता चलता है कि पांच लोगों का कोई पता नहीं चल पा रहा है। अधिकारियों ने अभी तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की है।

### महाराष्ट्र के कई शहरों में भारी बारिश से जलभराव

**मुंबई** : मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में बुधवार को तड़के से हो रही भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आज मुंबई , पालघर जिलों में रेड एलर्ट घोषित किया है, जिससे इन जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना है। भारी बारिश से सड़कों पर हुए जलभराव से कामकाजी लोगों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मुंबई शहर की महापौर रीतू तावड़े ने आज बताया कि मुंबई में कुल २०८ मिलीमीटर(मिमी) बारिश दर्ज की गई है। इनमें मुंबई पश्चिम उपनगर में १९५ और मुंबई पूर्व उपनगर में १६७ मिमी बारिश दर्ज हुई है। इससे मुंबई कई इलाके जलमग्न हैं, सभी जगह पंपिंग के सहयोग से जल निकासी का काम जारी है। महापौर ने बताया कि सायन, किंगसर्कल, दादर, लालबाग, अंधेरी सब वे, सांताक्रुज सबवे सहित कई इलाके अभी भी जलमग्न हैं, जबकि सायन के गांधी नगर में जल निकासी कर दी गई है।

## वर्ष 2030 तक 95 हजार करोड़ का बाजार बन सकता है सहायक प्रौद्योगिकी क्षेत्र : एनसीपीईडीपी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत में सहायक प्रौद्योगिकी (असिस्टिव टेक्नोलॉजी) क्षेत्र वर्ष 2030 तक 75 हजार से 95 हजार करोड़ रुपये का बाजार बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उपयुक्त नीतिगत ढांचा और निवेश व्यवस्था विकसित की जाए तो, यह क्षेत्र न केवल दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक स्वतंत्र और सम्मानजनक बनाएगा, बल्कि नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।
यह निष्कर्ष राष्ट्रीय दिव्यांगजन रोजगार संवर्धन केंद्र (एनसीपीईडीपी) और एमफैसिस के सहयोग से तैयार श्वेत पत्र 'असिस्टिव टेक्नोलॉजी इन इंडियाः ए सिस्टम्स एंड इन्वेस्टमेंट अप्रोच फॉर इंक्लूजन, इंडिपेंडेंस एंड इकोनॉमिक पार्टिसिपेशन ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज' में सामने आया।




बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में इस श्वेत पत्र का विमोचन किया गया।
विशेषज्ञों ने कहा कि सहायक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता केवल दिव्यांगजनों तक सीमित नहीं है। देश में करोड़ों बुजुर्गों के साथ-साथ मधुमेह, डिमेंशिया, दृष्टि और श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोग भी व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, सफेद छड़ी, वॉयस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर और अन्य सहायक उपकरणों पर निर्भर हैं। ऐसे में इस क्षेत्र का विस्तार सामाजिक समावेशन के साथ-साथ आर्थिक विकास का भी महत्वपूर्ण आधार बन सकता है।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) की अतिरिक्त सचिव डॉ मनमीत कौर नंदा ने कहा कि भारत के पास विश्वस्तरीय और समावेशी सहायक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने का बड़ा अवसर है। सहायक प्रौद्योगिकी स्वतंत्रता, सम्मान और समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम है।

### उपराष्ट्रपति से मिला अभाविप प्रतिनिधिमंडल

**नयी दिल्ली** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में यहां उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद अभाविप प्रतिनिधिमंडल की यह पहली औपचारिक मुलाकात थी।
बैठक के दौरान राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, उच्च शिक्षा से जुड़े समसामयिक मुद्दों, विद्यार्थी हितों तथा अभाविप द्वारा देशभर में संचालित विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## भाजपा ने खरगे पर 19 एकड़ सरकारी जमीन हड़पने का लगाया आरोप



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए उन पर कर्नाटक में 19 एकड़ सरकारी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि खरगे और उनके बेटे एक ट्रस्ट के माध्यम से कर्नाटक में जमीन की लूट और भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इस ट्रस्ट का नाम है सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट। इस ट्रस्ट में खरगे, बेटे प्रियांक खरगे, दामाद और उनकी पत्नी शामिल हैं। ये ट्रस्ट खरगे के परिवार का है। भंडारी ने कहा, 'गुलबर्गा जिले में 19 एकड़ जमीन का आवंटन भी विवादास्पद है। 19 एकड़ सार्वजनिक भूमि कांग्रेस सरकार ने खरगे के निजी ट्रस्ट को दे दी। इसका मतलब है कि 19 एकड़ सार्वजनिक जमीन एक ऐसे निजी ट्रस्ट के नियंत्रण में चली गई, जिसके सदस्यों में खरगे के परिवार के लोग शामिल हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि खरगे और प्रियांक खरगे ने इस ट्रस्ट के माध्यम से अलग-अलग जमीन पर कब्जा किया और अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए गरीबों की जमीन हड़प ली।

## रानी दुर्गावती के नाम पर होगा जबलपुर एयरपोर्ट का नाम, केन्द्र को भेजेंगे प्रस्ताव : मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती, अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और साहस की प्रतिमूर्ति थीं। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने के लिए केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा।
मुख्यमंत्री गुरुवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर के नर्रई नाला स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का पराक्रम मां दुर्गावती के व्यक्तित्व में नजर आता है। मुगलों को युद्धों में धूल चटाने वाली ऐसी वीरांगना रानी दुर्गावती का आज 463वां बलिदान




दिवस है। रानी दुर्गावती ने गौंडवाना साम्राज्य में 52 गढ़ों पर शासन किया। पति की असमय मृत्यु के बाद 5 साल के बेटे को सिंहासन पर बैठाया और 15 साल तक जनता की सेवा के लिए और क्षेत्र की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती पर लगभग 500 वर्ष पूर्व रानी दुर्गावती का जन्म हुआ, लेकिन आज पूरा देश और प्रदेश उन्हें आदर के साथ स्मरण करता है। हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश सरकार के गठन के बाद मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जबलपुर में रानी दुर्गावती को समर्पित कर आयोजित की गई थी। इसके बाद दूसरी कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती के गौंडवाना साम्राज्य की राजधानी संग्रामपुर में आयोजित की गई।

### मेट्रो के सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर के कार्य का शुभारम्भ

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों और बिजली मंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो के सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर के कार्य की बुधवार को शुरूआत की। इसके मौके पर आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव और डीएमआरसी के चेयरमैन के. श्रीनिवास भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली के शहरी ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। यह कॉरिडोर कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, नेशनल वॉर मेमोरियल और सुप्रीम कोर्ट जैसे प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों और लैंडमार्क तक आसान कनेक्टिविटी देगा, जिससे रोजाना हजारों कर्मचारियों, नागरिकों और आने-जाने वालों के लिए पहुंच आसान हो जाएगी।

## आलिया भट्ट ने 'अल्फा' की शूटिंग को बताया करियर का सबसे मजेदार अनुभव



**मुम्बई** : यशराज फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'अल्फा' को लेकर अभिनेत्री आलिया भट्ट काफी उत्साहित हैं। आलिया का कहना है कि इस फिल्म की शूटिंग उनके करियर के सबसे यादगार और आनंददायक अनुभवों में से एक रही। भारत की पहली बड़े बजट की महिला-केंद्रित एक्शन फिल्मों में शामिल 'अल्फा' में आलिया के साथ शर्वरी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री के मुताबिक यह फिल्म सिर्फ एक्शन नहीं, बल्कि एक खास सोच और एटीट्यूड का जश्न है। आलिया ने कहा कि 'अल्फा' की दुनिया में कदम रखना उनके लिए बेहद रोमांचक रहा। उन्होंने बताया कि फिल्म ने उन्हें एक कलाकार के रूप में नई चुनौतियों का सामना करने का अवसर दिया। आलिया के अनुसार, 'मुझे सबसे ज्यादा यह बात पसंद आई कि इस कहानी के केंद्र में दो महिलाएं हैं, जो पूरी एक्शन कहानी को आगे बढ़ाती हैं। ऐसा कम देखने को मिलता है और इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा।' उन्होंने कहा कि फिल्म भव्यता, रोमांच और दमदार एक्शन से भरपूर एक सिनेमाई अनुभव देने वाली है। अभिनेत्री ने फिल्म की टीम की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्देशक शिव रवैल, कलाकारों, एक्शन टीम और पूरे क्रू का उत्साह सेट पर हर दिन महसूस होता था। यही वजह थी कि वह रोज शूटिंग के लिए उत्साह के साथ सेट पर पहुंचती थीं।

# वर्षों की पीड़ा के बाद हथिनी मानिकी को वनतारा में मिला नया जीवन



- असम से जामनगर लायी गयी, अब मिलेगा विशेषज्ञों की देखरेख में इलाज
- दवाओं, हाइड्रोथेरेपी और प्राकृतिक माहौल से होगा स्वास्थ्य में सुधार

एजेंसी

**जामनगर** : करीब 48 वर्ष की हथिनी मानिकी अब इलाज और बेहतर देखभाल के लिए जामनगर स्थित वनतारा पहुंच गयी है। पिछले कई वर्षों से वह बायें अगले पैर की गम्भीर समस्या से जूझ रही थी। इसके कारण उसे चलने-फिरने में काफी तकलीफ होती थी। उम्र बढ़ने के साथ उसकी हालत और बिगड़ गयी। उसके शरीर में पानी की कमी हो गयी थी। कई घाव संक्रमित हो चुके थे और एक आंख की रोशनी भी कमजोर हो गयी थी।
कुछ समय पहले असम में इलाज के लिए ले जाये जाने के दौरान मानिकी का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में वह दर्द से लंगड़ाते हुए सड़क पर चलती दिखाई दे रही थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद देशभर के लोगों ने उसके इलाज और बेहतर देखभाल की मांग की।
मानिकी की गम्भीर हालत को देखते हुए उसके मालिक रुचि चेतिया ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति से उसे वनतारा भेजने की अनुमति मांगी थी। समिति के साथ असम और गुजरात सरकार ने भी मंजूरी दी। इसके बाद मानिकी को सुरक्षित रूप से जामनगर लाया गया।
वनतारा के विशेषज्ञों का कहना है कि मानिकी को लम्बे समय तक विशेष इलाज की जरूरत है। उसके दर्द को कम करने के लिए दवाइयां दी जायेंगी। साथ ही, हाइड्रोथेरेपी, एक्यूपंक्चर, घावों का उपचार और पौष्टिक आहार भी दिया जायेगा। उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जायेगी।
वनतारा के प्रवक्ता ने बताया कि इलाज के साथ मानिकी के आराम का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। उसके लिए मुलायम जमीन तैयार की गयी है, ताकि घायल पैर पर कम दबाव पड़े। उसे प्राकृतिक तालाबों में रहने का अवसर मिलेगा। इससे उसके पैरों को राहत मिलेगी। वह अन्य हाथियों के साथ प्राकृतिक वातावरण में भी रह सकेगी।
उन्होंने कहा कि मानिकी का वनतारा पहुंचना इस बात का उदाहरण है कि लोगों की संवेदनशीलता और सभी पक्षों के सहयोग से किसी भी पशु का जीवन बदला जा सकता है। अब मानिकी के दर्दभरे दिनों का अंत हो गया है। वनतारा में उसे सुरक्षित वातावरण, बेहतर इलाज और सम्मान के साथ जीवन बिताने का अवसर मिलेगा।
वनतारा की स्थापना रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अनंत अम्बानी ने की है। यह पशु बचाव, उपचार, पुनर्वास और दीर्घकालिक देखभाल के लिए समर्पित एक वैश्विक केन्द्र है। यहां अत्याधुनिक वन्यजीव अस्पताल हैं। दुनिया के सबसे बड़े हाथी अस्पतालों में से एक भी यहीं स्थित है। यहां विशेषज्ञों की देखरेख में जरूरतमंद पशुओं का इलाज और संरक्षण किया जाता है।